# बालाघाट एक्सप्रेस

PMG

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 21 सितम्बर 2025
आश्विन कृष्ण 14 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 17, अंक 01
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## जीएसटी 2.0 : कल से लागू होंगे नए दाम, जीएसटी विभाग के अफसर बाजारों में औचक निरीक्षण करेंगे

# दाम नहीं घटाए तो दुकानदार पर एक्शन

मुंबई। केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कटौती का ऐलान किया है। ऐसे में, दाम कम हुए या नहीं, इसकी भी सख्त निगरानी की जाएगी। सेंट्रल और स्टेट जीएसटी विभाग के फील्ड अफसर बाजार में अचानक निरीक्षण करेंगे। वे उन चीजों को खरीदेंगे, जिनके दाम घटाने की घोषणा की गई है। यदि पाया गया कि टैक्स कटौती के हिसाब से कीमतें नहीं घटाई गईं, तो दुकानदारों को मिलने वाला टैक्स क्रेडिट ब्लॉक किया जा सकता है। मतलब ये कि व्यापारी अपने द्वारा खरीदी गई वस्तुओं या सेवाओं पर चुकाए गए जीएसटी को अपनी बिक्री पर लगने वाले टैक्स से समायोजित नहीं कर पाएगा। यानी उसे टैक्स के रूप में ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा।

सेंट्रल जीएसटी विभाग की ओर से भेजे गए नोटिस के अनुसार, जिनके दाम घटाए गए हैं, ऐसी 54 चीजों की एक सूची बनाई गई है। एक तरह की चीजों को सूची में एक ही जगह रखा गया है। जैसे सभी तरह के सूखे मेवे एक साथ रखे गए हैं। इसी तरह सभी तरह की स्टेशनरी बुक्स एक ही जगह रखी गई हैं। विचार यह है कि ये वस्तुएं एक ही जगह पर मिल जाएंगी। किचन के सारे बर्तन, प्रसाधन और घरेलू कामकाज की वस्तुएं एक ही जगह रखी गई हैं। अधिकारियों को इन 54 उत्पादों की सूची सौंपी गई है। उनसे कहा गया है कि वे सभी वस्तुओं के मौजूदा दाम बाजार जाकर पता कर लें। 22 के बाद उन्हें दूसरी टेबल में कटौती के बाद के दाम अंकित करना है। यह सूची हर शहर-कस्बे में बनेगी। जहां दाम नहीं घटे पाए गए, उन दुकानदारों के खिलाफ विभाग उचित कार्रवाई करेगा। ग्राफिक्स में देखें सरकार ने किस सामान पर कितना टैक्स कट किया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एण्ड कस्टम के पूर्व चेयरमैन विवेक जौहरी ने बताया कि सरकार ने साफ कहा है कि वह कंपनियों पर भरोसा करेगी कि वे कम किए गए जीएसटी का लाभ आम आदमी तक पहुंचाएं।









# भरवेली ग्राम सभा बनी विवाद का अड्डा, हुआ जमकर हंगामा

## दोनो पक्षों के बीच गाली गलौच के बीच हुई जमकर धक्का मुक्की, थाने पहुचा मामला, विपक्षी पंचों ने भरवेली सहित अजाक थाने में की शिकायत, सरपंच ने लगाया 2 लाख रु मांगने का आरोप

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। गांव की सरकार बनाने पंचायत चुनाव में अक्सर इतने अधिक वाद-विवाद होते हैं कि लोग इस एक पंचवर्षीय चुनाव गुजरने के बाद भी चुनावी रंजिश और वाद विवादों को भुला नहीं पाते। वहीं कई जगह तो यह चुनावी रंजिश कई वर्षों और पीढियों तक देखी जाती है।जिससे ना केवल आपसी भाईचारा खत्म होता है बल्कि रिश्ते नातों के साथ-साथ गांव का माहौल भी खराब होता रहता है।कुछ ऐसा ही नजारा पिछले कुछ महीनों से जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में देखने को मिल रहा है।जहां निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और सत्ता पक्ष व विपक्षीय पंचों के बीच पिछले कई महीनों से चल रहा विवाद, थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।जहां आए दिनों सरपंच व उपसरपंच सहित पंचों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ,एक दूसरे का जमकर विरोध कर रहे है।पिछले कुछ महीनो से चल रही इन्हीं गतिविधियों के बीच शनिवार को ग्राम भरवेली में आयोजित ग्राम सभा में उस वक्त हंगामा मच गया।जब पक्ष- विपक्ष के लोग गाली-गलौज कर एक दूसरे से धक्का मुक्की करने लगे।यह विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि मामला पहले भरवेली थाने तक पहुंच गया और वहां से यहां मामला अब अजाक थाना पहुंच चुका है। इस मामले में विपक्षीय पंचों द्वारा सत्ता पक्ष पर दोषारोपण किया जा रहा है तो वहीं सरपंच सहित सत्ता पक्ष द्वारा विपक्षीय पंचों द्वारा विवाद किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि विपक्षीय पंचों ने मामले की शिकायत भरवेली पुलिस और अजाक थाना पुलिस में देकर मामले में इंसाफ दिए जाने की गुहार लगाई है। तो उधर भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने उपसरपंच राजेश बाहेश्वर और पंच अमीन खान पर 2 लाख रु की मांग करने का आरोप लगाया है।कुल मिलाकर कहे तो दोनों ओर से आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है।**

### पंचायत की जगह बजरंग बाल उघान में बुलाई गई थी ग्राम सभा

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को गाम विकास से संबधित विभिन्न एजेंडो और मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ग्राम पंचायत भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया था।यह ग्राम सभा पंचायत की जगह बजरंग बाल उघान में बुलाई गई थी।बताया गया की पंचायत में जगह कम होने और ग्रामीणों की संख्या अधिक होने के चलते यह ग्राम सभा गार्डन में बुलाई गई थी। जहां करीब 500 से 1000 ग्रामीणों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। जहां सरपंच,सत्ता पक्ष के पंचों, विपक्षी उप सरपंच सहित अन्य पंचों के साथ-साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोग भी मौजूद थे। उसी दरमियान ग्रामीण भी विभिन्न साधनों से ग्राम सभा पहुंच रहे थे।इसी बीच, वहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हालांकि विवाद की असली वजह क्या है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।लेकिन बताया जा रहा है कि पहले तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच किसी बात को लेलर तू तू- मैं मैं शुरू हो गई।जहां तू तू- मैं मैं से शुरू हुआ विवाद जल्द ही गाली गलौज में




बदल गया और दोनों ही पक्षों के बीच धक्का मुक्की शुरू हो गई।अंत मे यहा विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि विपक्ष के पंचों सीधे भरवेली थाना पहुंच गए और उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत कर दी। जिसके उपरांत उप सरपंच राजेश बाहेश्वर सहित अन्य महिला व पुरुष विपक्षीय पंचों सीधे अजाक थाना पहुंचे और उन्होंने सरपंच पति अनिल बिसेन सहित अन्य नाम जद लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए मामले में इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है।

### गाली गलौज कर हमें मारने के लिए दौड़े, और ग्राम सभा से भगा दिया -राजेश

उपसरपंच राजेश बाहेश्वर ने बताया कि इन तीन वर्षों में सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने जो अनियमिताएं की हैं जो राशि का आहरण किया है उसे छुपाने के लिए ग्राम सभा बुलाई गई थी। ऑटो भर भर के लोगों को लाया जा रहा था और लोगों से जबरन फर्जी हस्ताक्षर कराई जा रही थी। लोग ग्राम सभा में खड़े थे, हमने कहा कि जाकर कुर्सियां में बैठ जाओ यहां खड़े मत रहो। वहां पर सरपंच पति के साथी लोग आ गए और विवाद करने लगे,हमे मारने के लिए दौड़ गए,और उन लोगों ने हमें वहां से भगा दिया। इसकी शिकायत हमने पुलिस से की है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी पंचायत के ऐसे कई मामले हैं जिनकी शिकायत की जा चुकी है। 2 वर्षों से हम शिकायत कर रहे हैं लेकिन जिला पंचायत व जनपद पंचायत से अब तक उन शिकायतों की जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। हमारी मांग है कि इन सभी मामलों की जांच कराई जाए। आज जो विवाद हुआ उसकी भी जांच कराकर हमें इंसाफ दिया जाए।

### गाली गलौच कर हमें अपमानित करने का काम किया गया है- मालती

वार्ड नंबर 11 पंच श्रीमती मालती साहू ने बताया कि आज ग्राम सभा में उनके वार्ड के कुछ लोग आए थे बोल रहे थे कि वार्ड में विकास कार्य नहीं हुआ है हमने उनसे ग्राम सभा में मुद्दा उठाने के लिए कहा था। उनसे मैं बात कर ही रही थी की सरपंच गीता बिसेन आई और मेरे साथ गंदी गंदी गाली गलौज करने लगी। सरपंच पति भी वहां आ गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करने लगे। यह पहली बार नहीं हुआ है बल्कि हमें हमेशा इन लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। हमें तो अब डर लगने लगा है कि कहीं हमें और हमारे परिवार को कुछ ना हो जाए। हम वहां पर विवाद करने नहीं गए थे, बल्कि अपने मुद्दे रखने गए थे ।लेकिन इन्होंने विवाद कर गाली गलौच की है।

### उन्होंने हंगामा खड़ा कर, अभद्र व्यवहार किया है- अनारकली

वही वार्ड क्रमांक 01 पंच अनारकली रौतेल ने बताया कि ग्राम सभा का आयोजन वर्ष में 4 बार होता है 15 अगस्त, 26 जनवरी, 2 अक्टूबर और 14 अप्रैल को ग्राम सभा होती है। आज ग्राम सभा क्यों बुलाई गई इसकी जानकारी हमें नहीं दी गई थी। पंचायत से रजिस्टर आया तो हम ग्राम सभा में गए थे और शांतिपूर्वक बैठे थे। कि वहां अचानक किसी बात को लेकर हंगामा हो गया, हम पूछने लगे की हंगामा क्यों हो रहा है, तो वो लोग हमें डराने धमकाने लगे, तरह-तरह के शब्दों का प्रयोग कर हमें अपमानित करने लगे इसके पूर्व भी हमने सरपंच के खिलाफ अविश्वास लाया था। 3 वर्षों का हम हिसाब मांग रहे हैं लेकिन उन्होंने हिसाब नहीं दिया। जब पंचायत मंत्री पंचायत पहुंचे थे तब हम उन्हें ज्ञापन देना चाहते थे लेकिन हम लोगों को 6 घन्टे थाने में बैठाकर रखा गया। हम वार्ड के विकाश के लिए पंच चुने गए हैं, हमें वार्ड में काम करना है ,काम रोकना नहीं है। लेकिन हमारे साथ हमेशा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। हम ग्राम सभा में अपने प्रस्ताव रखने गए थे लेकिन उन्होंने हंगामा खड़ा कर अभद्र व्यवहार किया है इसकी शिकायत लेकर हम थाना पहुंचे हैं।

### हमसे 2 लाख रु की मांग कर रहे थे- गीता बिसेन

इस पूरे मामले को लेकर भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने देर शाम शोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। विपक्षीय पंच भी ग्राम सभा में आए थे। वह लोग जबरन विवाद करने लगे। उप सरपंच राजेश बाहेश्वर और पंच अमीन खान मेरे पास आए मुझसे कहा कि तुम ग्राम सभा कैसे कर रही हो, हमने जो 2 लाख रु की मांग की थी वह हमें नहीं मिले हैं, तो हम ग्राम सभा भी नहीं होने देंगे। मैंने कहा कि जो भी बात करना है वह ग्राम की जनता के सामने करो। मैं पैसा नहीं दूंगी। उन्होंने बताया कि यह ग्राम सभा, ग्राम विकास के लिए रखी गई थी। हमारी पंचायत के गणमान्य नागरिक भी वहां थे, उन्होंने भी इनको समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने।विवाद बढ़ने पर उपसरपंच ने दो-तीन वार्ड की पंच महिलाओं को बुला लिया और विवाद के बीच वे लोग ग्राम सभा छोड़कर से चले गए।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर निकाली गई बाइक रैली

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) ।स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती का महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है । यहां 20 सितंबर को अग्रसेन समाज के सामाजिक बंधुओं और युवकों ने स्थानीय अग्रसेन भवन से एक बाइक रैली निकाली , जो स्थानीय काली पुतली चौक होते हुए अंबेडकर चौक और हनुमान चौक होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंची। आपको बता दे कि इन दिनों स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रसेन जयंती का महोत्सव मनाया जा रहा है। यहां विविध कार्यक्रम एवं आयोजन किये जा रहे हैं ।जिसमें अग्रवाल मंडल के अध्यक्ष आयुष द्वारा बताया गया कि 20 सितंबर को पूरे धूमधाम के साथ अग्रसेन मंडल के पदाधिकारीयों द्वारा बाइक रैली निकाली गई , जो शहर के प्रमुख चौक चौराहे का भ्रमण करते हुए पुनः , अग्रसेन भवन पहुंची। इस बाइक रैली निकाले जाने का प्रमुख उद्देश्य अग्रवाल समाज के लोगों को एकता और समाज को एकत्रित करना है । वह प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती पर इस कार्यक्रम को महोत्सव के रूप में मनाते हैं एवं अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के लिए सामाजिक बंधुओं के बीच जाकर अनेक कार्यक्रम के आयोजन करवाते हैं और धूमधाम के साथ इस अग्रसेन जयंती का महोत्सव को मनाते हैं ।




# गायखुरी में नव निर्मित प्रतिमा की होंगी प्राण प्रतिष्ठा

## बाल हनुमान मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । मातारानी के नौ स्वरूपों में चौथा स्वरूप मां कुष्मांडा देवी को ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है, और वे शक्ति, समृद्धि और शांति का प्रतीक है। जहां आस्था होती है, वहीं शक्ति का वास होता है। इसी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक मां कुष्माण्डा देवी मंदिर वार्ड नंबर 33 आवासटोला गायखुरी में 22 सितम्बर नवरात्रि प्रारंभ दिवस के दिन से मां कुष्माण्डा देवी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 22 को शहर के बाल हनुमान मंदिर से मां कुष्माण्डा देवी के प्रतिमा स्थापित करने भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। जो नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये कुष्माण्डा मंदिर पहुंचेगी। इस संबंध में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा में बताया कि इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। 25 सितम्बर चौथ के दिन मां कुष्माण्डा देवी की विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। 25 वर्षों से स्थापित प्रतिमा अब खंडित हो चुकी है। श्रद्धालुओं की अपार भक्ति के बीच नव निर्मित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मां कुष्माण्डा देवी की प्राण प्रतिष्ठा के अलावा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरा पर्व धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएंगा। 2 अक्टूबर को मां कुष्माण्डा मंदिर से पानीपत की तर्ज पर महाराज के स्वरूप का भव्य चल समारोह निकाला जाएंगा व लंकापति रावण के पुतले का दहन किया जाएंगा। इस वर्ष हनुमान जी महाराज का स्वरूप तुषार लिल्हारे के द्वारा धारण किया जा रहा है। दशहरा पर्व को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।



### इस प्रकार होंगें विविध आयोजन

इस संबंध में जय माँ कुष्माण्डा देवी मंदिर समिति व मां वैनंगगा सेवादल समिति गायखुरी के सदस्य किशोर लिल्हारे व पवन तेलासे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां कुष्माण्डा मंदिर में नवरात्रि पर्व धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष मां कुष्माण्डा की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन-अनुष्ठानों का कार्यक्रम 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया गया है। जिसमें 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे बाल हनुमान मंदिर से प्रतिमा व कलश शोभायात्रा निकाली जावेगी। शाम 4 बजे अन्नाधिवास वेदी पूजन एवं जवारा व कलश स्थापना की जावेगी। 23 सितम्बर सुबह 8 बजे से वेदी पूजन, पंचामृत अधिवास एवं जलाधिवास पूजन, 24 सितम्बर फलाधिवास, वस्त्राधिवास एवं शयनाधिवास पूजन एवं 25 को मातारानी की प्राण प्रतिष्ठा व अभिषेक पूजन किया जाएंगा। 26 को शाम 7 बजे पंचमी कलश पूजन, 30 सितम्बर शाम 4 बजे हवन एवं अष्टमी पूजन एवं 1 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे नवमी पूजन, जवारा विसर्जन एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएंगा। 2 अक्टूबर को शाम 4 बजे विजयादशमी चल समारोह एवं भव्य शोभायात्रा मां कुष्माण्डा मंदिर से निकाली जावेगी। जिसमें विभिन्न झांकियां आर्कषक का केन्द्र रहेगी। देर शाम वैनगंगा नदी तट आवासटोला में रावण के पुतले का दहन किया जाएंगा। 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे हवन पूजन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर को सुबह 8 बजे श्री हनुमान जी महाराज के स्वरूप की स्थापना की जावेगी। 26 सितम्बर को शाम 7 बजे श्री हनुमान जी महाराज का चोला गायखुरी के मुख्य हनुमान मंदिर में चढ़ाया जाएंगा व मातारानी को चुनरी भेंट की जाएंगी। 28 सितम्बर को श्री हनुमान जी महाराज के स्वरूप का ट्रायल शाम 6 बजे होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं सनातनियों से अधिक से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की गई है।

# ट्रेनो से संबधित विभिन्न मांगों को लेकर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

## पेंचवली एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को शुरू करने की राखी मांग, अन्य अव्यवस्थाओं में सुधार लाने की लगाई गुहार

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । वर्षो से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पहुंचकर एक ज्ञापन सौपा है।जिसमें उन्होंने ट्रेन से संबंधित विभिन्न मांगों को पूरी करने की गुहार लगाई है। तो वही मालगाड़ी सहित स्टेशन में स्थित अव्यवस्थाओं में सुधार किए जाने की बात की है। इसके अलावा उन्होंने पेंचवली एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को शुरू किए जाने और यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाए दिए जाने की मांग की है।जहां लंबे समय से लंबित मांगो के साथ साथ, पेंचवेली एक्सप्रेस को बालाघाट गोंदिया से चलाए जाने एवं नैनपुर से प्रातः 7 बजे मेमू लोकल ट्रेन को प्रारंभ किए जाने की मांग की गई तो वही जबलपुर गोंदिया बालाघाट कटंगी तिरोड़ी डबल रेल लाइन की मांग को लेकर एक बार फिर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने सैकड़ो सदस्यों के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा है।जिसमें भारी संख्या में प्रतिदिन चलने वाले यात्रियों ने भी गगन भेदी नारों के साथ अपनी मांगे रखी। ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बेस के नेतृत्व में किए गए इस प्रदर्शन में उन्होंने बताया कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विगत दिनों बालाघाट प्रवास पर आए रेल महाप्रबंधक महोदय ने इस बात को सीरे से इनकार कर दिया है कि बालाघाट रेलवे स्टेशन से पेंचवली एक्सप्रेस को प्रारंभ किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है जबकि बालाघाट रेलवे स्टेशन में हरी झंडी दिखाने आई बालाघाट सिवनी की सांसद महोदया ने घोषणा की थी की हम पेचवली एक्सप्रेस को जल्द से जल्द बालाघाट से प्रारंभ करेंगे, इस तरह से महाप्रबंधक ने उनकी घोषणा की पोल खोल कर रख दी है। इसके अलावा नैनपुर से बालाघाट गोंदिया की ओर प्रतिदिन छात्र-छात्राएं मजदूर बालाघाट गोंदिया पहुंचते हैं जिनके लिए प्रातः के समय कोई ट्रेन ना होने के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है हमारी मांग है कि एक लोकल मेमू ट्रेन नैनपुर रेलवे स्टेशन से प्रातः 7बजे जल्द से जल्द प्रारंभ की जाए। उक्त अवसर पर महेंद्र पचौरी, शमीम सिद्दीकी डॉ. अमर बिसेन, कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी, राजीव गांधी मंच अध्यक्ष जावेद अली, गोविंद चौरे, राजेश कलते, मकसूद खान, शब्बीर खान, शिवराम गनेश, आयुष सिंह ,अनिकेत गौतम ,साबिर खान ,पी नरसिंह, फूलचंद चौधरी, सूकचंद यूके, सदन पटले , हीरालाल बिलोने, रामलाल रहांगडाले, गुलशन लाल ,अरविंद खेड़े, सियाराम उईके, संतलाल पंचेश्वर, रंगलाल कुशराम, महिपाल सिंह टेकाम, सूरज वादगुणर ,सियाराम नेत्री, केशव राम पंचेश्वर, देवन भाई सरो, श्रीमती दयावंतरी, श्रीमती दुर्गा, श्रीमती सैयावटी श्याम, श्रीमती मीनावी, श्रीमती कमला मसकोले, मोहन वर्कड़े, श्रीमती रूकवांता नागवंशी श्रीमती दशवंशी कौशल मर्सकोले, राधिका मर्सकोले, कृष्ण कुमार यादव, छोटेलाल यादव, मो. साजिद गौरी डॉ. मुन्ना लाल यादव पलारी, नंदा राजू, एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।।



# दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों में मिली जीत का एबीवीपी ने मनाया जश्न

## फोड़े,पटाखे,बाँटी मिठाई, ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर थिरके युवा

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। छात्रसंघ चुनावों में मिली इस जीत का शनिवार को एबीवीपी पदाधिकारियो व सदस्यों द्वारा जमकर जश्न मनाया गया।जिसको लेकर एबीवीपी के समस्त पदाधिकारी सदस्य ढोल नगाड़ों के साथ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पहुँचे जहा उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर, दिल्ली छात्रसंघ चुनावों में जीत की बधाइयां दी तो वही फटाखे फोड़कर, चुनाव में मिली इस जीत का जमकर जश्न मनाया।इस दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी, कर ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी प्रसन्नता व्यक्त की वही कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया। बताया गया कि एबीवीपी परिषद ने चार में से तीन प्रमुख पदों पर विजय प्राप्त कर दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया।इन चुनावों में आर्यान मान अध्यक्ष, कुणाल चौधरी सचिव तथा बहन दीपिका झा संयुक्त सचिव निर्वाचित हुईं। इस ऐतिहासिक जीत ने परिषद कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह का संचार किया और पूरे नगर में विजय का वातावरण व्याप्त हो गया।नगर में मनाए गए इस जश्न के दौरान कुबेर सिंह बैस, कुणाल सहारे, कलश असाटी, राहुल बुरडे, मनीष एतेश्वर, अमन चौधरी, आयुष मेश्राम, रिहान खान, आयुष वाहने, दिव्यांशु मेरावी, राम बाहे, आदर्श सिरसज, अक्षय वाखड़े, जयेश, आरव कुमरे, अभय अमूले, दीक्षा डोंगरे, शिवम लिल्हारे, अमन दशारिये, विशेष मिश्रा, शिवम उइके, आशु पटले, आर्य चौधरी, मुदित गड़ेवाल, तिजेश दशारिये, जय ओइचोडे, नयन राहंगडाले, पीयूष बिजेवार, दिव्यांशु मेरावी, अनीश शरणागत, आर्यन गौतम, भानु नागपुरे, यक्ष दसहरे एवं निखिल नागपुरे सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रार्थी दिनेश बारेवार पिता श्री कौशल बारेवार निवासी टेमनी तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट का निवासी हुं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम दिनेश बारेवार पिता श्री कौशल बारेवार( Kaushal Barewar ) दर्ज है परन्तु मेरे ड्राईविंग लाइसेंस मेरे पिताजी का नाम( Koushal Barewar ) अग्रजी मे गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार करवाना चाहता हुँ।

अतः उक्त सूचना मे जिस व्यक्ति को आपत्ति हो सूचित करें।

**प्रार्थी**
**दिनेश बारेवार पिता कौशल बारेवार**
**ग्राम टेमनी तह. खैरलांजी जिला बालाघाट( म.प्र. )**

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
हिन्दी दैनिक
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 21 सितम्बर 2025
आश्विन कृष्ण 14 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 17, अंक 01
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### आतंकियों से मुठभेड़, एक जवान शहीद

उधमपुर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में शुक्रवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शनिवार सुबह शहीद हो गया। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हो रही है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां छिपे जैश के 2-3 आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ वाले इलाके में रातभर कड़ी घेराबंदी कर शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। उधमपुर और डोडा दोनों तरफ से हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, हेलिकॉप्टर और जमीन पर खोजी कुत्तों से लैस फोर्स आतंकियों की तलाश कर रही है।

### लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ मुकदमा

लखनऊ। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया बयान पर लखनऊ की अदालत ने मुकदमा दर्ज किया है। अधिवक्ता नृपेंद्र पांडेय ने 9 सितंबर को परिवाद दाखिल किया था। इसमें उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने वी आर नाउ फाइटिंग द बीजेपी, द आरएसएस एंड द इंडियन स्टेट इटसेल्फ कहा। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि यह बयान न केवल राष्ट्रविरोधी है बल्कि भारत की एकता, अखंडता और संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र है। अधिवक्ता ने न्यायालय से राहुल गांधी समेत कई शीर्ष कांग्रेस नेताओं को तलब कर भारतीय न्याय संहिता-2023 की देशद्रोह और षड्यंत्र संबंधी धाराओं में दंडित करने की मांग की। आलोक वर्मा (एमपी-एमएलए) की कोर्ट ने परिवाद में मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में परिवाद दाखिल करने वाले वकील नृपेंद्र पांडेय के बयान 1 अक्टूबर को कोर्ट में दर्ज किए जाएंगे।

### आज लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली। साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर यानी कल लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से सूर्य ग्रहण बहुत ही महत्वपूर्ण और अशुभ घटना मानी जाती है। जब भी सूर्य ग्रहण लगता है तो उसका प्रभाव मानव जीवन के साथ साथ देश-दुनिया पर भी देखने को मिलता है। कल लगने वाला ग्रहण आंशिक होगा, जो कि भारत में नजर नहीं आएगा। लेकिन, यह ग्रहण एशिया, अफ्रीका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कुछ शहरों में यह दृश्यमान होगा। लेकिन, सवाल ये उठता है भारत में न दिखने वाले इस ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों पर सकारात्मक पड़ेगा या नकारात्मक। तो चलिए जानते हैं कि साल का आखिरी सूर्य ग्रहण बुध की राशि मिथुन के लिए कैसे रहने वाला है।

## कुछ ना कहना




### वायनाड में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा...

# मोदी ने वोट चुराकर सत्ता हासिल की



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनके पास वोट चोरी के ऐसे सबूत हैं, जिन्हें वे जल्द ही सबके सामने लाएंगे। उसके बाद किसी को भी शक नहीं रहेगा कि मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की है। केरल के वायनाड में राहुल ने कहा कि हमारे पास 100 प्रतिशत सबूत हैं। जल्द ही हम एक 'हाइड्रोजन बम' फोड़ेंगे, जो पूरी सच्चाई देश के सामने रख देगा। यह मामला ओपन एंड शट है। हम बिना सबूत के कभी कुछ नहीं कहते। इस बार भी हमारे पास पूरे सबूत हैं।

उन्होंने कहा कि पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी कांग्रेस ने वोटर लिस्ट में धांधली के उदाहरण दिए थे। महादेवपुरा और आलंद में गलत तरीके से वोट जोडने् और काटने की घटनाएं दिखाई थीं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे हैं। आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6000 वोटरों के नाम काटने की कोशिश का मामला सीआईडी जांच में है। ये जांच खुद चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाती है।

#### सच्चाई देश के सामने लाएंगे

जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका 'हाइड्रोजन बम' प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से जुड़ा होगा, तो राहुल ने कहा कि यह अटकलें लगाने का काम मीडिया का है, उनका काम है सच्चाई देश के सामने लाना।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीओके छोड़ रहे, इसमें पाकिस्तान सरकार मदद कर रही

नई दिल्ली । भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमलों से आतंकी डर गए हैं। अब जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन खैबर पख्तूनख्वा में अपने नए ठिकाने बना रहे हैं। भारतीय डिफेंस और मिलिट्री के सूत्रों ने बताया कि आतंकी ग्रुप्स पीओके को अब भारतीय हमलों के कारण असुरक्षित मानते हैं। इसलिए, अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनख्वा की पहाड़ी इलाके उनके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गए हैं। सूत्रों ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है। हाल ही में पाकिस्तान में कुछ जगहों पर पुलिस सुरक्षा में जैश-ए-मोहम्मद ने सभाएं भी की थीं, जिसे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम जैसे राजनीतिक-धार्मिक संगठनों का भी समर्थन था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था। सूत्रों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम 14 सितंबर को खैबर पख्तूनख्वा के मनसेहरा जिले के गढ़ी हबीबुल्लाह कस्बे में हुआ। यहां जैश ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच शुरू होने से लगभग सात घंटे पहले एक धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर भर्ती अभियान चलाया। यह कार्यक्रम खैबर और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सीनियर कमांडर मोलाना मुफ्ती मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ अबू मोहम्मद की मौजूदगी में किया गया था।















## दीवाली व दूसरे त्योहारों पर बंद करें गिफ्ट देना

नई दिल्ली। केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सुमंत्र पाल की एक सलाह, कर्मचारियों के बीच चर्चा का केंद्र बनी है। इस सलाह पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) के कर्मचारी हैरान और परेशान हैं। दरअसल, आर्थिक सलाहकार की तरफ से लोक उद्यम विभाग (डीपीई) को कहा गया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली और दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। गिफ्ट से सरकारी खर्च बढ़ता है। अर्थव्यवस्था में जनता के संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग हो, इसके लिए यह कदम उठाना जरुरी है।

आर्थिक सलाहकार ने लोक उद्यम विभाग के चीफ एग्जीक्यूटिव को लिखे पत्र में कहा है, यह देखने में आया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली सहित दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रेक्टिस है।













# 161 केन्द्रों में 2691 नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

## साक्षर बनने 1782 महिला एवं 909 पुरूषों ने उल्लास नवसाक्षर भारत परीक्षा में हुए शामिल





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए सरकार के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन योजना प्रारंभ की गई है और इस योजना के माध्यम से ग्राम के निरक्षरों को अक्षर साथी के द्वारा साक्षर बनाने के लिए पाठशाला आयोजित की जाती है ताकि सभी साक्षर बन सके। शासन के निर्देशानुसार लालबर्रा विकासखण्ड में 20 सितंबर को 161 केन्द्रों में उल्लास नवसाक्षर भारत परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 2691 नवसाक्षरों ने प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक केन्द्रों में पहुंचकर पेपर हल किये। इस दौरान परीक्षा केन्द्र में शिक्षकों के द्वारा नवसाक्षरों का तिलकवंदन कर स्वागत किया गया, जिसके बाद उनकी परीक्षा संपन्न करवाई गई। वहीं इस आयोजित उल्लास नवसाक्षर भारत परीक्षा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साह के साथ पेपर (पर्चा) हल किये। जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड में 1782 महिला एवं 909 पुरूष वर्ग ने साक्षर बनने के लिए पेपर दिये है। उल्लास नव साक्षर भारत परीक्षा में 2722 नवसाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य लालबर्रा विकासखण्ड को मिला था परन्तु इस परीक्षा में 2691 ही नवसाक्षर शामिल हुए, लक्ष्य के अनुरूप 31 नवसाक्षर कम शामिल हुए है। साथ ही साक्षर बनने के लिए असाक्षर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिये और उत्साह के साथ पर्चा हल किये। आपकों बता दे कि सरकार की मंशा है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति पढ़ना-लिखना सीखने के साथ ही साक्षर बन सके। इसी मंशा से उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन योजना प्रारंभ की गई है और प्रत्येक ग्रामों में अक्षर साथी की नियुक्ति कर ग्राम के निरक्षरों का चयन कर उनसे समय लेकर उनकी कक्षाएं लगाकर उन्हे लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है ताकि वे लिखना-पढ़ना सीखने के साथ ही हस्ताक्षर कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2027 तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में मिशन मोड पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत असाक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है। लालबर्रा विकासखण्ड में भी अक्षर साथी के द्वारा अपने-अपने ग्रामों के निरक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है और वर्ष 2025-26 में जो लक्ष्य मिला था उन्हे साक्षर बनाने का कार्य किया गया है। जिनकी परीक्षा 20 सितंबर को संपन्न हुई है। चर्चा में शास. कन्या मा. स्कूल अमोली प्रधानपाठक राजेश दुबे ने बताया कि उल्लास नवसाक्षर भारत अभियान के तहत असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए आज परीक्षा आयोजित की गई थी और इस परीक्षा केन्द्र में 259 असाक्षरों को शामिल होना था। लेकिन बहुत कम लोग उपस्थित हुए और जो परीक्षा केन्द्र तक आने में असमर्थ है तो हम स्वयं उनके घर पहुंचकर परीक्षा में सम्मिलित करवाये है ताकि परीक्षा में शामिल होकर साक्षर बन सके। परीक्षा संपन्न करवाने में बीईओं वायआर गजभिये, बीआरसी श्रीराम तुरकर, आईएएस आकाश अग्रवाल, सीईओं चंदरसिंह मंडलोई, बीएसी श्याम भलावी, जितेन्द्र डहारे, साक्षर भारत विकासखण्ड समन्वयक बीआर डोंगरे, आपरेटर दीपांकर मेश्राम, नेहा, सभी जनशिक्षक एवं सभी संकुल समन्वयकों का सराहनीय योगदान रहा।

### साक्षर बनने के लिए 2691 निरक्षर हुए परीक्षा में शामिल - श्रीराम

दूरभाष पर चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन योजना के तहत लालबर्रा विकासखण्ड में 161 परीक्षा केन्द्रों में उल्लास नवसाक्षर भारत परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक नवसाक्षरों ने पहुंचकर पेपर दिये है और परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद उन्हे साक्षर होने का प्रमाण पत्र शासन के द्वारा प्रदान किया जायेगा। श्री तुरकर ने बताया कि परीक्षा आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि निरक्षरों को साक्षर बनाना है। इसी मंशा के तहत सरकार के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन प्रारंभ की गई है और हर ग्रामों में अक्षर साथी की नियुक्ति कर निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि 20 सितंबर को आयोजित उल्लास नवसाक्षर भारत परीक्षा में 1782 नवसाक्षर महिला एवं 909 पुरूषों ने पेपर दिये है एवं यह परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# नवरात्रि पर्व के लिए धार्मिक स्थलों का सफाई कार्य जारी - अनीस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी नवरात्री पर्व के मद्देनजर मंदिर एवं पूजा स्थलों की साफ-सफाई करवाने के साथ ही विद्युत कार्य किया जा रहा है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सरपंच अनीस खान ने बताया कि आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थल, मंदिरों के कार्यक्रम स्थल के निकट सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसमें लालबर्रा नगर मुख्यालय गंज, हाईस्कूल मैदान, सरस्वती सभामंच, माँ सतबहनी मंदिर, ग्राम पांढरवानी, रामजीटोला सहित पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के मंदिरों व पूजा स्थल के आसपास की सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नाली सफाई कार्य, कचरा मार दवाई से कचरा सफाई कार्य, झाड़ी, घास की कटाई-छटाई कार्य शामिल हैं। इसके अलावा लालबर्रा नगर मुख्यालय सहित पंचायत क्षेत्र के ग्रामों में स्ट्रीट लाईट का सुधार कार्य भी किया जा रहा है ताकि पर्व में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था बनी रहे।



# गणेशपुर पूर्व उपसरपंच थानेन्द्र सोनवाने का निधन, अंत्येष्टि आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत गणेशपुर के पूर्व उपसरपंच, भाजपा के सक्रिय सदस्य पलाकामथी निवासी 55 वर्षीय थानेन्द्र सोनवाने का हद्यगति रूक जाने से 20 सितंबर को दोपहर 1 बजे दु:खद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 21 सितंबर को प्रात: 10 बजे पलाकामथी स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा। गणेशपुर के पूर्व उपसरपंच थानेन्द्र सोनवाने बीमारी से ग्रसित थे और घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे, 20 सितंबर को दोपहर में अचानक तबियत खराब होने एवं हद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही परिजनों एवं चित-परिचितों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. सोनवाने सरल, स्वभाव व मृदुभाषी के धनी थे, अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। जिनका अंतिम संस्कार 21 सितंबर को प्रात: 10 बजे पलाकामथी (गणेशपुर) स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा।



# जाम बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि सह. समिति की 115 वीं वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 15 किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित की 115 वीं वार्षिक आमसभा शुक्रवार को संपन्न हुई। यह आमसभा पूर्व संचालक दीपलाल ठकरेले की अध्यक्षता, हिसबलाल लिल्हारे, चैतराम पंचेश्वर, सुरेन्द्र रहांगडाले, इन्द्रप्रसाद चौहान, खगलाल टेंभरे, देवराज ठकरेले, जनपद सदस्य जाहिद खान, टोपराम बिसेन, राजाराम ठकरेले के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती, भारता माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित वार्षिक आमसभा में समिति प्रबंधक, पर्यवेक्षक डी.के लिल्हारे के द्वारा आमसभा के विषय क्रमांक 1 से 9 तक पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर इफको बालाघाट के ब्लॉक प्रतिनिधि रत्नेश शुक्ला द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो कॉपर, नैनो सल्फर, सागरिका, नैनो जिंक पोटाश के उपयोग के बारे में किसानों को बताया गया। साथ ही दानेदार खाद यूरिया, डीएपी का उपयोग कम करने एवं नैनो का उपयोग अधिक से अधिक करने हेतु किसानों से कहा गया। वहीं इस आमसभा को देवराज ठकरेले, राजाराम ठकरेले, गणपत तरवरे, शिवलाल नगपुरे, इन्द्रप्रसाद चौहान, दीपलाल लिल्हारे, जाहिद खान जनपद सदस्य ने किया और किसान हितैषी बातों को प्रमुखता से रखते हुए प्रदेश सरकार से धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये, गेंहू 2700 रूपये प्रति क्विंटल करने, रासायनिक खाद की पर्याप्त भण्डारण समिति में उपलब्ध करवाने, समिति में कार्यरत सभी कर्मचारियों को समान वेतन दिये जाने और वेतन में बढ़ोतरी करने की शासन से मांग की है। इस अवसर पर नंदकिशोर बिसेन, सुदामा बाहेश्वर, रामलाल पंचेश्वर, गौरसिंह ठाकरे, धन्नाल ठकरेले, गोडूलाल, हुकुमलाल दमाहे, फकीरचंद, दसरूलाल, धनाराम, बुलेश नगपुरे, विपतलाल बसेने, ताराचंद साकुरे, चोबलाल, फूलचंद लिल्हारे, नरेन्द्र तरवरे, कमल चौहान, केशोराय लिल्हारे, अनिप्रसाद ठकरेले, शुभांक दमाहे, गुलाबचंद तुलसीकर, धनेन्द्र गौतम सहित अन्य किसानगण एवं समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




# माँ जगदम्बे की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देकर रंग-रोगन में जुटे मुर्तिकार





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जगत जननी आदिशक्ति माता रानी दुर्गाजी की आराधना का नौ दिवसीय शारदेय नवरात्रा पर्व आगामी 22 सितंबर से नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियों में जुटे मूर्तिकारों के द्वारा जगत जननी मॉ दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम एवं सुन्दर स्वरूप दिया जा रहा है। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा के वार्ड नं. 17 कुम्हारी मोहल्ला में मूर्तिकारों के द्वारा मॉ दुर्गा जी की प्रतिमाओं को मनमोहक स्वरूप प्रदान कर उसे अंतिम रूप देकर उसमें रंग-रोगन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो पूरी तरह से 21 सितंबर की शाम तक बन तैयार हो जायेगे। जिसके बाद 22 सितंबर को सार्वजनिक समितियों के द्वारा मूर्तिकारों के निवास पहुंचकर ढोल-नगाड़े के साथ माँ जगत-जननी की प्रतिमा को ले जाकर शुभ-मुहूर्त पर प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। मूर्तिकारों ने बताया कि शारदेय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाला है और हम लोगों के द्वारा माँ दुर्गा जी की प्रतिमा को अंतिम रूप देने के साथ ही उसमें रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है जो रविवार की शाम तक पुरी तरह से बनकर तैयार हो जायेगें परन्तु बार-बार मौसम परिवर्तन एवं बारिश होने से भी मूर्ति बनाने में कुछ परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी बताया कि रंग-पेंट के दामों में भी 10 से 15 प्रतिशत की वृध्दि हुई है, साथ ही मिट्टी खदान नही होने के कारण दुसरे स्थान से महंगे दामों में मिट्टी खरीदी कर प्रतिमा, दीये, बर्तन बनाते है परन्तु मेहनत के हिसाब से दाम नही मिल पाते है एवं पैतृक कार्य है इसलिए कर रहे है, प्रशासन से मांग है कि मिट्टी खदान उपलब्ध करवाये।

### मिट्टी खदान उपलब्ध करवाये प्रशासन - पूरन

मूर्तिकार पूरनलाल घाटे ने बताया कि दुर्गोत्सव पर्व सोमवार से प्रारंभ होने वाली है, जिसके लिए गणेशोत्सव के बाद से माँ दुर्गा की प्रतिमा बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं प्रतिमाएं बनकर तैयार हो चुके है। जिसमें रंग-रोगन एवं पेंट किया जा रहा है जो रविवार की शाम तक बनकर तैयार हो जायेगे। श्री घाटे ने बताया कि महंगे दामों में अन्य स्थानों से मिट्टी खरीदकर लाने के बाद प्रतिमा व मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य कर रहे है, जिसमें लागत अधिक लगता है। लेकिन मेहनत के हिसाब से दाम नही मिल पता है, प्रशासन से मांग है कि मिट्टी खदान उपलब्ध करवाये ताकि पैतृक कार्य को निरंतर रूप से कर सके।

# रटेगांव में मनाया गया क्रांतिकारी राजा शंकरशाह, वीर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस

## कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, कटंगझरी की टीम विजेता तो नवेगांव (बाला.) की टीम बनी उपविजेता





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रटेगांव स्थित रानी दुर्गावती चौक में गत दिवस महान क्रांतिकारी राजा शंकरशाह, वीर राजकुमार रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया एवं एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने क्रांतिकारी राजा शंकरशाह, वीर रघुनाथ शाह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। जिसके बाद कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हुई। आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लेकर अपने खेल का उत्कृष्अ प्रदर्शन किये और फाइनल मैच कटंगझरी एवं नवेगांव बालाघाट के मध्य खेला गया। जिसमें कटंगझरी की टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। जिसके बाद अतिथियों के हस्ते कटंगझरी को प्रथम पुरस्कार 11000 रूपये, नवेगांव बालाघाट की टीम को द्वितीय पुरस्कार 8000 रूपये, शिल्ड देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि कबड्डी के बारे में हम सभी जानते हैं कि हमारे भारत देश का प्राचीन खेल है और इस खेल को बढ़ावा देना टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है। अगर जहां भी टूर्नामेंट होते हैं तो हम कहीं ना कहीं कबड्डी खेल को प्रोत्साहित करने का काम करते हैं और इस खेल को अगर हम सब लोग मिलकर बढ़ावा देंगे तो हमारे खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होगा। साथ ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करेंगे एवं जो अच्छे खेल का प्रदर्शन करेंगे तो आज वह हमारे गांव की इस पावन धरती पर अपने खेल कौशल दिखा रहे हैं एवं ये खिलाड़ी जबलपुर, इंदौर, भोपाल खेलने जायेगें, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर पर खेलेगें। श्रीमती मुंजारे ने कहा कि कबड्डी खेल हमारे भारत देश की शान है और यह खेल ग्रामीण क्षेत्र की एक परंपरा है, शहरी क्षेत्र में भी इसको हमें बढ़ावा देने की जरूरत है और विजेता व उपविजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, प्रदेश में टीम का नाम गौरवांवित करने की बात कही। रटेगांव सरपंच श्रीमती वंदना बिसेन ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए विधायक श्रीमती मुंजारे से सामुदायिक भवन की सौगात देने की मांग की। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी खमरिया अध्यक्ष दमनसिंह राहंगडाले, पाथरी सरपंच प्रतिनिधि सोमेन्द्र पटले, रटेगांव सरपंच श्रीमती वंदना बिसेन, पूर्व सरपंच बालकृष्ण बिसेन, माँ बोबलाई कव्वहरगढ़ संरक्षक समिति सदस्य, आदिवासी समाज साल्हे (ला.) सचिव श्रीराम मर्सकोले, श्रीमती निर्मला मर्सकोले पूर्व उपसरपंच, लेखराम मर्सकोले, कुंदन मर्सकोले, रामसिंह मर्सकोले, शिव प्रसाद मर्सकोले, श्रीमती मनीषा उइके सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अज्ञात चोरो के आतंक से आम जनता में भय

## सेवानिवृत शिक्षक प्रभुदयाल बरैइया के घर हुई चोरी







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी नगर और समीपस्थ क्षेत्रो में अज्ञात चोरों की उपस्थित बीते एक सप्ताह से बनी हुई है। यही कारण है कि सूने मकान में चोरी का दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में उक्त अज्ञात चोरों के द्वारा नगर के वार्ड नंबर ४ विवेकानंद कॉलोनी में १९ सितंबर को सेवानिवृत शिक्षक प्रभुदयाल बरैइया के निवास पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जहां सोने चांदी के जेवरात एवं करीब १ लाख से अधिक की राशि लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के द्वारा मामले में जांच प्रारंभ करती है।**

### अज्ञात चोरो ने सुने मकान में की चोरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवानिवृत शिक्षक प्रभु दयाल बरैइया ग्राम मंगेझरी के कालागोटा के रहने वाले हैं। इनके द्वारा नगर के वार्ड नंबर ४ विवेकानंद कॉलोनी में मकान बनाया गया जहां पर पूरा परिवार निवास करता है। वर्तमान में ग्राम में खेती कार्य प्रारंभ होने से पूरा परिवार ग्राम में निवास कर रहा था। उनका लड़का वारासिवनी के मकान से आना जाना करता था जहां पर सोने चांदी के जेवरात एवं नकद राशि रखी हुई थी। ऐसे में १७ सितंबर को उनका पुत्र देवेंद्र बरैइया कुछ राशि लेकर ग्राम गया हुआ था जो १९ सितंबर की शाम करीब ६ बजे वापस घर आया। तो देखा कि गेट का ताला लगा हुआ है जिसे खोलकर अंदर गए तो मुख्य दरवाजे का ताला और कुंदा टूटा हुआ था। जिसे धकेल कर अंदर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था इसकी जानकारी उसके द्वारा अपने परिवार के लोगों को देकर डायल ११२ पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस बल के द्वारा घर में आकर आसपास पतासाजी कर डॉग स्कार्ट और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट के माध्यम से पूरे घर की जांच एवं तलाश की गई। इस घटना की लिखित शिकायत भी परिवार के लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई है जिसमें पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

### नगर के ३ और वारा के २ मकानों में हुई चोरी

नगर सहित समीपस्थ क्षेत्र में चोरी की वारदात में अभी तक नगर मुख्यालय से लगे ग्राम वारा के वार्ड नंबर १९ शिवधाम मोहल्ले में दो मकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। जिसमें भंडारा बेटी के घर गये केशवराव मरकाम के घर से करीब १ लाख ३० हजार रुपए एवं जेवरात चोरी हुए थे। तो वहीं उनके सामने स्थित मकान जो सेवानिवृत्ति शिक्षक हरि नारायण रहाँगडाले का था जो हरिद्वार शांतिकुंज गये थे तब ९०००० से अधिक के जेवर की चोरी हुई थी। इसके बाद नगर के वार्ड नंबर १ पारस कॉलोनी निवासी संजय पटले जो कृष्ण भगत के मकान में किराए से रहते हैं दोनों पति.पत्नी शिक्षक है। संजय पटले उमरटोला और सरिता पटले खड़खड़ी में शिक्षिका है। उस दिन संजय पटले अकेले घर में थे जो अपने भाई को रेलवे स्टेशन लाने गए थे। घर में ताला लगाकर गये तो इस दौरान सूने मकान में अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़कर ७०००० रूपये नकद राशि की चोरी की गई थी। तो वहीं नगर के वार्ड नंबर ३ निवासी फूलचंद ठाकरे एवं पत्नी लिकेश्वरी ठाकरे जो सांदीपनि विद्यालय में पति.पत्नी दोनों शिक्षक है। उनके सूने मकान में भी अज्ञात चोरों के द्वारा ताले तोड़कर चार लाख रुपए से अधिक नकद और जेवर की चोरी की गई थी। उसके बाद वार्ड नंबर ४ विवेकानंद कॉलोनी निवासी प्रभु दयाल बरैइया के मकान में चोरी की वारदात अज्ञात चोरों के द्वारा की गई है। इस प्रकार पांच मकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपए की चोरी दो दिनों के अंदर हुई है जिसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### चोरो से क्षेत्रवासियों में भय व्याप्त

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों को लेकर हर कोई डरा और सहमा हुआ है स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन के द्वारा मौके से साक्ष्य संकलित कर कार्यवाही की जा रही है। किंतु अभी भी कानून के हाथों से अपराधियों का गिरेबान बहुत दूर नजर आ रहा है। जिनके मकानों में चोरी हुई है वह स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं उनकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा इस चोरी में उन्हें गवना पड़ा है। लोगों का पुलिस प्रशासन पर आक्रोश भी है और इस प्रकार हुई चोरी पर आश्चर्य भी दो दिनों में यह होने वाली पांच चोरियों में सभी मकान सुने थे जहां आसानी से चोरों के द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया है। यह क्रम अब कब रुकता है आगे इसका पता चलेगा परंतु लोगों में भय और दहशत व्याप्त है। उनके द्वारा पुलिस प्रशासन से उक्त विषय पर गंभीरता से जांच कर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है।

### चोरों के द्वारा नकद राशि और जेवर चोरी किया है- देवेंद्र बरैइया

देवेंद्र बरैइया ने बताया कि वह मंगेझरी कालागोटा के रहने वाले हैं वर्तमान में खेती कार्य होने से पूरा परिवार ग्राम में निवास कर रहा है। बाकी समय पूरा परिवार नगर के वार्ड नंबर ४ विवेकानंद कॉलोनी में निवास करते हैं खेती कार्य प्रारंभ होने से करीब डेढ़ लाख रुपए की राशि और सोने चांदी के जेवरात नए मकान में रखे गए थे। जहां से २ दिन पहले करीब कुछ राशि लेकर मैं गया हुआ था १९ सितंबर की शाम करीब ६ बजे जब जाकर देखा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था इसमें चोरों के द्वारा नकद राशि और जेवर चोरी कर लिए गए हैं।

# नगर पालिका ने आवारा श्वान पर की कार्यवाही

## एनिमल कैचर में भरकर जंगल में छोड़ा

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज ) । नगर पालिका परिषद के द्वारा २० सितंबर को आवारा श्वान पर कार्यवाही की गई। इसमें एनिमल कैचर के माध्यम से नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर आवारा श्वान को गाड़ी में भरकर जंगल में छोड़ दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के विभिन्न मार्गों पर लगातार आवारा श्वान घूमते रहते हैं । जिनके द्वारा विभिन्न लोगों को काटकर बीमार करने की घटना समय पर आती रही है। इसमें लोगों को रेबीज का भी डर लगा हुआ रहा है और कई बार एक दिन में १० लोगों को भी घायल करने की घटना सामने आ चुकी है। ऐसे में नगर की सड़कों पर आवारा श्वान इधर.उधर झुंड के माध्यम से दौड़ते हुए दिखाई देते हैं जो मोटर साइकिल चालकों के पीछे भी दौड़कर उन्हें परेशान करते हैं। इस विषय पर नगर सहित क्षेत्र के लोगों के द्वारा लगातार नगर पालिका से मांग की जाती रही है कि इस समस्या का निराकरण किया जाए। जिसको लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश उके के मार्गदर्शन में नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा एनिमल कैचर के माध्यम से नगर के गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक सहित अन्य स्थान पर भ्रमण कर रहे आवारा श्वान को एनिमल कैचर में कैद किया गया। इसके बाद उन्हें नगर क्षेत्र से बाहर जंगलों में ले जाकर छोड़ दिया गया। इसमें बताया जा रहा है कि यह कार्यवाही आवारा श्वान के कारण नगर में हो रही समस्याओं को देखते हुए की गई है जो निरंतर जारी रहेगी।





# माँ जगदंबा की प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नवदिवसीय नवरात्र पर्व का प्रारंभ २२ सितंबर से होना है। ऐसे में नगर के मूर्तिकारों ने जगत जननी माॅ दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। बताया जा रहा है कि माता रानी की प्रतिमाओं को मूर्तिकार प्राइमर पेंट किये जाने के बाद का कलर से पेंट किये जाने का कार्य हो रहा है प्रतिमा में बारीक काम किये जा रहे हैं। विदित है कि जगत जननी माॅ दुर्गा का नवदिवसीय नवरात्र पर्व २२ सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। पर्व के नजदीक आते ही माता रानी के भक्तों में खासा धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है। वहीं मूर्तिकार भी माता रानी की प्रतिमाओं को शीघ्र पूर्ण करने तैयारी में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि मूर्तिकारों के निवास से माता रानी की प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम २२ सितंबर की सुबह से प्रारंभ हो जायेगा। ऐसे में मूर्तिकार प्रतिमा का रंग रोगन कार्य करने में जुट गए हैं, वहीं बारीकी से प्रतिमाओं पर अब कार्य किया जा रहा है जिससे कि प्रत्येक प्रतिमा आकर्षक हो सके।

### मौसम से मूर्तिकार परेशान

विदित हो कि मौसम के कारण स्थानीय मूर्तिकारों को माता रानी की मूर्ति बनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मूर्तिकारों के द्वारा महंगी कीमतों में रंग पेंट प्राइमर खरीदकर मूर्ति को प्राईमर से पेन्ट एवं कुछ मूर्तियों को पेन्ट कर आकर्षक रूप दे रहे है। लेकिन इस बदलते मौसम मे मूर्तियों में समस्या आ रही हैं। महंगाई के हिसाब से के दाम भी नहीं मिल पा रहे हैं क्योंकि जिस प्रकार से महंगाई बड़ी है। ऐसे में प्रतिवर्ष की भांति मूर्तियों के दाम मिलना असंभव नजर आ रहे हैं। ऐसे में कभी बारिश और कभी धूप का मौसम बना हुआ है, जिससे मूर्तियां पर्याप्त रूप से सुख नहीं पा रही है। जिसे सूखने के लिए गैस स्टोव या कंडे का उपयोग करना पड़ रहा है । वहीं बार.बार एक स्थान से दूसरे स्थान पर सूखने के लिए रखना पड़ रहा है जैसे २० सितंबर को सुबह से तेज धूप आसमान से बरस रही थी परंतु शाम होते ही अचानक बारिश प्रारंभ हो गई । ऐसे में बाहर निकली हुई मूर्तियां को भींगना पड़ा आप उन्हें सुखाने में मूर्तिकार लगे हैं। पद्मेश से चर्चा में मूर्तिकार महेन्द्र प्रजापति ने बताया कि नगर के मूर्तिकारों के द्वारा लगभग ७० से अधिक माता रानी की मूर्ति बनाने का कार्य कर रहे है। जिसमें बारीकी से रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है ऐसे में स्थापना को दो दिन बचे हैं २२ सितंबर की सुबह से प्रतिमा का उठाना प्रारंभ हो जाएगा। युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है यह मूर्तियां वारासिवनी,रामपायली ,खैरलांजी ,कटंगी ,बालाघाट सहित अन्य क्षेत्रों में जाती है जिसमें अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिमा शामिल है। इस वर्ष रंग, पेन्ट के कलरों की कीमतों में बढोत्तरी हुई है मौसम बड़ी समस्या बना हुआ है । मूर्तियां पर्याप्त सुख नहीं पा रही है अभी रंग पेंट करे थे बारिश आ गई बड़ी मुश्किल से मूर्तियां सुख पाई है।

# खैरलांजी के अंकित उके बने डिप्टी कलेक्टर

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। कहते है कि जीतता वही है जो युद्ध के मैदान में डटा रहता है। लगन मेहनत और जीवटता के साथ ही सफलता के मुकाम पर पहुंचा जा सकता है। ऐसा ही खैरलांजी के ग्राम नवेगांव खा के निवासी अंकित उके ने एमपीपीएससी में सफलता अर्जित कर डिप्टी कलेक्टर का पद प्राप्त कर सिद्ध कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरलांजी तहसील क्षेत्र के ग्राम नवेगांव ख निवासी विजय उके व श्रीमती



पूर्णिमा उके के सुपुत्र अंकित उके है। वह मध्यप्रदेश शासन की एमपीपीएससी परीक्षा में भाग लिया था जिसमें उनके द्वारा अपने कठोर संघर्ष कड़ी मेहनत और तठस्थ आत्मविश्वास के साथ सफलता प्राप्त की है उनका चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर किया गया है। अंकित उके का चयन होना क्षेत्र और जिले के लिए गौरव का विषय है जो सभी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं की सफ लता के मुकाम पर पहुंचने के लिए संघर्षरत रहना जरुरी है। उनके मध्यप्रदेश शासन में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने पर परिचित जनों ग्रामीण जनों में खुशी की लहर व्याप्त हैं।

# बकोड़ी के ग्रामीणों ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

## रेतघाट से रेत चोरी करने वाले गिरोह पर कार्यवाही करने की मांग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बकोड़ी के ग्रामीणों के द्वारा एसडीओपी कार्यालय में पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी के नाम ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत के आकुटोला बकोडी अस्वीकृत रेतघाट से लगातार हो रही रेत चोरी की शिकायत एवं पूर्व दर्ज प्रकरण में संज्ञान लेने की मांग की हैं। ज्ञापन में बताया कि आकुटोला ग्राम पंचायत बकोडी थाना रामपायली तह खैरलाजी के निवासी हैं। ग्राम के बाजू से चन्नई नदी बहती हैं जिसमें अथाह रेत भरी पड़ी है जो रेतघाट शासन के द्वारा स्वीकृत नहीं है फिर भी प्रतिदिन रात्रि के दौरान ग्राम से १०कि.मी.की दुरी के ग्राम के लोग रेत चोरी करने आते हैं एवं ग्राम के लोगों के द्वारा विरोध करने पर रेत ले जाने से रोकने पर जान से मारने की धमकी देख लेने के धमकी एवं घर से उठाने के धमकी देते है। और यह भी कहते है कि तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड सकते पुलिस प्रशासन हमारे साथ है। १४ सितंबर की रात्रि १२.३०बजे रेत घाट से झाडगांव निवासी सरपंच प्रतिनिधि पवन चिखले, मिथलेश लिल्हारे डोंगरिया निवासी, अंशुल चक्रवती रामपायली, वासु मरठे मोहगांव के द्वारा रेत चोरी की जा रहीं थी। ग्राम के लोगों द्वारा इनको घाट पर ही घेर लिया गया था एवं ११२ नंबर पर कॉल किया गया था किन्तू पूरी रात इन्तजार करने के बाद भी ११२ नहीं पहुंची ना कोई अन्य पुलिस वाला आया। उसके पश्चात सुबह रामपायली थाना जाकर शिकायत दर्ज कराई गई किन्तू महिला आरक्षक के द्वारा टाईप ना करते हुऐ केवल पवन चिखले का नाम लिखा गया और बाकी लोगो का नाम छोड दिया गया। इसके तत्काल बाद १५ सितंबर को पुलिस अधीक्षक बालाघाट में सभी के नामों का उल्लेख करते हुऐ शिकायत की गई हैं । हमारी मांग है कि संबधित आरोपियों के विरूध रेत चोरी अधिनियम के अन्तर्गत मामला कायम कर कार्यवाही करने का कष्ट करें। इस अवसर पर आनन्द बंसोड ,अरुण नागेश्वर, दिनेश बिजेवार ,गणपत पंचेश्वर ,खैमराज पंचेश्वर, नितेश पंचेश्वर, मौजूद रहे।






मान.उमेश बागरेचा
संपादक बालाघाट एक्सप्रेस



मान.प्रदीप जायसवाल
पूर्व केबिनेट मंत्री



मान.जसवंत पटले
युवा नेता

पद्मेश मीड़िया ग्रुप बालाघाट एक्सप्रेस
के सफलतम 16 वर्ष पूर्ण
होने पर हार्दिक शुभकामनायें

विनीत::भाजपा परिवार वारासिवनी खैरलांजी

# मृत्युतिथि-पुण्यतिथि तथा पितृपक्ष में श्राद्ध अवश्य करें

आज बदलते समय में जीवन भागमभाग का हो गया है। विशेष रूप से नई पी ?ी श्राद्ध को ढकोसला समझकर उसे करना व्यर्थ समझते हैं। प्राय: जो लोग श्राद्ध करते हैं वे यथाविधि-विधान, श्रद्धा व भक्ति के साथ अपने परिवार के मृत सदस्यों का श्राद्ध अपना पितृऋण-पितृ कर्तव्य समझ कर करते हैं। एक ब ?ी संख्या उन लोगों की भी है जो सिर्फ रस्म-रिवाज और खाना पूर्ति एवं समाज के भय-प्रतिष्ठा के कारण श्राद्ध कर अपना भार उतारते हैं। अत: श्रद्धा-भक्ति-प्रेम-पारिवारिक कर्तव्य नई पीढ़ी को देना चाहते हैं तो उन्हें श्राद्धकर्म को पूर्ण आस्था, भक्ति एवं शास्त्रोक्त विधि से करना चाहिये। ऐसे किये गये श्राद्ध से परिवार में सुख, शांति, कल्याण प्राप्ति के साथ-साथ नई पीढ़ी को यह कार्य संस्कार के रूप में प्राप्त होता है। अत: प्रत्येक व्यक्ति को बड़े ही प्रेम, श्रद्धापूर्वक, शास्त्रोक्त विधि से श्राद्धों को करना चाहिये। इस व्यस्ततापूर्ण जीवन में यदि शास्त्र सम्मत श्राद्धों को न कर सकें तो उन्हें कम-से-कम क्षयाह-वार्षिक मृत्यु तिथि पर अथवा आश्विन मास के पितृपक्ष में तो अवश्य ही अपने स्वर्गवासी पितृगण का श्राद्ध करना चाहिये। पितृपक्ष में पितरों का विशेष सम्बन्ध होता है। इस दिन धूप देने तथा तर्पण करने का विधान है। भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से पितरों का दिन प्रारम्भ हो जाता है, जो अमावस्या तक रहता है। मनुस्मृति में वर्णन है कि-मनुष्यों के एक मास के बराबर पितरों का एक अहोरात्र (दिन-रात) होता है। मास में दो पक्ष होते हैं। मनुष्यों का कृष्णपक्ष पितरों के कर्म का दिन और शुक्ल पक्ष पितरों के सोने के लिए रात होती है-

**पित्र्ये रात्र्यहनी मासः प्रविभागस्तु: पक्षयोः।**

**कर्मचेष्टास्वहः कृष्ण शुक्लः स्वप्नाय शर्वरी।। ( मनुस्मृति 1/66 )**

एक मात्र यही कारण है कि अश्विन मास के कृष्णपक्ष-पितृपक्ष में पितृश्राद्ध करने का विधान है। ऐसा करने से पितरों को प्रतिदिन भोजन मिल जाता है। कर्म करने वाले में पूर्ण श्रद्धा होने पर ही श्राद्ध पूर्ण माना गया है। इसलिये श्राद्ध को संक्षिप्त में इस प्रकार बताया जा सकता है-"अपने स्वर्गवासी पितृगणों के हितार्थ श्रद्धापूर्वक किये जाने वाला कर्म ही श्राद्ध है। हमारी प्राचीन संस्कृति में धार्मिक ग्रंथों में पितृयज्ञ भी बताया गया है।" प्रश्न यह है कि परिवार के माता-पिता, भाई आदि स्वर्गवासी हो गये अब श्राद्ध का क्या औचित्य है? इसका बड़ा ही सरल उश्रर है। श्राद्ध से पितृगण के अतिरिक्त दिव्य पितृगण, विश्वदेवा, अग्निवात, अर्यम्मा आदि पितृ भी प्रसन्न होते हैं, जो कि देवतुल्य है। राष्ट्र में समय-समय पर राष्ट्र हेतु बलिदान एवं देश सेवा करने वाले महापुरूषों की पुण्यतिथि पूरे राष्ट्र में बड़े जोश से मनाई जाती है, जैसे गांधी पुण्यतिथि, लोकमान्य तिलक पुण्यतिथि एवं पं. जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि आदि। हम इन महापुरूषों की पुण्यतिथि मनाकर उनके राष्ट्रप्रेम, बलिदान, त्याग आदि का सम्मान करते हैं। यदि हम अपने ही घर परिवार में अपने माता-पिता, जिन्होंने हमारा लालन-पालन, पोषण किया उनका वर्ष में दो बार (मृत्यु दिवस एवं श्राद्ध तिथि) पर श्राद्धरूपी सम्मान नहीं करते हैं तो पितृ ऋण से हम मुक्त नहीं होंगे तथा हम हमारी नई पीढ़ी को भी गलत सन्देश दे रहें हैं। इससे वे हमारे जाने के बाद हमारा भी श्राद्ध क्या करेंगे? हमारे परिवार के वयोवृद्ध हमसे आशा करते हैं कि उनकी रुग्णावस्था में हम उनकी सेवा करें तथा मृत्यु पश्चात् शास्त्रसम्मत और्ध्वदैहिक कर्म पूरी निष्ठा से करें। पितृदेव प्रसन्न होने पर धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चारों प्रकार के भरपूर सुख प्रदान करते हैं एवं कुपित होने पर परिवार को नाना प्रकार के कष्ट भोगना पड़ते हैं। राजा राम ने भी वनवास में पिता की मृत्यु पश्चात् श्राद्धकर्म किया था। कूर्म पुराण में वर्णित है कि जो प्राणी विधिपूर्वक, शान्त मन एवं श्रद्धापूर्वक अपने पितरों का श्राद्ध करता है वह सभी पापों से मुक्त होकर परमधाम में मुक्ति को प्राप्त करता है तथा जन्म-मरण के चक्र में नहीं पड़ता है। पितृ का श्राद्ध करने का अधिकारी ज्येष्ठ पुत्र होता है, किन्तु अब संयुक्त परिवार के स्थान पर एकल परिवार व जीवनयापन हेतु अलग-अलग स्थान पर रहने के कारण यह संभव नहीं होता है। अत: अलग रहकर भी यथा शक्ति इस कार्य को करने का प्रयत्न करना चाहिये। श्राद्ध के कारण परिवार वर्ष में एक या दो बार इकट्ठा हो जाता है तथा आपस में मिल बैठ भोजन करने के अतिरिक्त पारस्परिक चर्चा द्वारा एक दूसरे को सुनने समझने व उनकी समस्याओं का निराकरण भी हो जाता है।

# सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता- इस्लामिक नाटो की नींव या नया भू-राजनीतिक संतुलन?

वैश्विक स्तरपर पाकिस्तान और सऊदी अरब ने बुधवार को रियाद में ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया है। इसके तहत किसी एक देश के खिलाफ किसी भी आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी के इस समझौते में कुछ और देशों के आने की चर्चा है।जियो न्यूज में पाक रक्षामंत्री से पूछा गया कि क्या दूसरे अरब देश भी इस समझौता का हिस्सा बन सकते हैं। इसपर उन्होंने कहा कि मैं इसका जवाब समय से पहले नहीं दे सकता लेकिन मैं यह जरूर है कि दरवाजे खुले हैं।सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा समझौता केवल द्विपक्षीय सहयोग की औपचारिकता नहीं, बल्कि मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया की भू- राजनीतिक दिशा बदलने वाला एक ऐतिहासिक कदम हो सकता है। यह समझौता इस्लामिक वर्ल्ड में एक प्रकार के सामूहिक सुरक्षा ढांचे की कल्पना को जन्म देता है,जिसे कई विश्लेषक 卐इस्लामिक नाटो卐 की शुरुआत मान रहे हैं।समझौते के तहत यह प्रावधान किया गया है कि किसी एक देश पर हमला पूरे समझौता ढांचे पर हमला माना जाएगा। इस प्रकार यह सुरक्षा गारंटी दोनों देशों के रिश्ते को रणनीतिक साझेदारी में बदलती है।मुस्लिम देशों के बीच लंबे समय से यह बहस चल रही है कि क्या उन्हें भी यूरोप की तरह सामूहिक रक्षा तंत्र अपनाना चाहिए। ओआईसी (आर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन) में इस पर कई बार चर्चा हुई, लेकिन ठोस कदम कभी नहीं उठाए गए।अब सऊदी-पाक रक्षा समझौते ने इस विचार को वास्तविकता के करीब ला दिया है।पाकिस्तान, जो कि इस्लामिक वर्ल्ड की अकेली परमाणु शक्ति है,और सऊदी अरब,जो कि आर्थिक और धार्मिक नेतृत्व रखता है, का एक होना मुस्लिम दुनियाँ के लिए आत्मविश्वास का प्रतीक है। यह संदेश भी दिया गया है कि मुस्लिम राष्ट्रों को मिलकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना एक मौलिक अधिकार है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि भारत, सऊदी अरब अमीरात व खाड़ी देशों के साथ प्रगाढ़्या संबंधों को बनाए रखने के लिए विदेश नीति को और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह पूरी जानकारी मीडिया से उठाई गई है जो पिछले दो दिनों से सभी चैनलों और सोशल मीडिया पर चल रहा है। साथियों बात अगर हम यह समझौता भारत के लिए चुनौती या अवसर? की करें तो भारत इस समझौते को मिश्रित भाव से देख रहा है।एक ओर,भारत और सऊदी अरब के संबंध बेहद मज़बूत हैं,ऊर्जा आपूर्ति, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और जी20 सहयोग से लेकर निवेश तक। दूसरी ओर, पाकिस्तान भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। यदि सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ रक्षा गारंटी समझौते में शामिल होता है, तो भारत को आशंका होगी कि कहीं भविष्य में इस्लामिक रक्षा तंत्र भारत के खिलाफ इस्तेमाल न हो।खासकर कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को हमेशा इस्लामिक देशों से राजनीतिक समर्थन मिलता रहा है। हालांकि सऊदी अरब ने हाल के वर्षों में संतुलित रुख अपनाया है, परंतु भारत के रणनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह डील भारत की विदेश नीति के लिए नई चुनौती लेकर आएगी।भारत और सऊदी अरब के संबंध पिछले दशक में ऐतिहासिक ऊँचाई पर पहुंचे हैं। भारतीय पीएम और सऊदी क्राउन प्रिंस के बीच हुई साझेदारियों में ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सहयोग और रक्षा उद्योग शामिल हैं। भारत सऊदी अरब के लिए एक भरोसेमंद आर्थिक पार्टनर है। हालांकि पाकिस्तान-सऊदी रक्षा डील भारत-सऊदी रिश्तों को पूरी तरह कमजोर नहीं करेगी, परंतु उसमें रणनीतिक अविश्वास का तत्व ज़रूर जोड़ देगी। भारत यह देखना चाहेगा कि क्या यह समझौता केवल आतंकवाद और क्षेत्रीय खतरों से लड़ने के लिए है, या भविष्य में यह किसी विशेष देश (अप्रत्यक्ष रूप से भारत) के खिलाफ प्रयोग किया जा सकता है?

साथियों बात अगर हम इस रक्षा समझौते में अमेरिका की भूमिका पर सवाल पर विश्व की नजरों की करें तो, इस समझौते के समय और पृष्ठभूमि को देखते हुए यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या अमेरिका का इसमें कोई हाथ है। पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी प्रतिनिधियों की कई मुलाकातें सऊदी और पाक नेतृत्व से हुई हैं। अमेरिका की रणनीति अक्सर यह रही है कि वह मध्य पूर्व में शक्ति संतुलन बनाए रखे। ईरान का बढ़ता प्रभाव, चीन-सऊदी नज़दीकियां, और पाकिस्तान की आर्थिक अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए वॉशिंगटन शायद इस समझौते को अप्रत्यक्ष समर्थन दे रहा हो। अमेरिका का हित यह है कि सऊदी अरब उसके सुरक्षा तंत्र में बना रहे और पाकिस्तान उसके भू-राजनीतिक समीकरण से पूरी तरह चीन के पाले में न चला जाए। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका का परोक्ष सहयोग या प्रोत्साहन इस समझौते के पीछे हो सकता है। साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तर परइस्लामिक नाटो का विचार और संभावित प्रभाव की करें तो,यदि मुस्लिम राष्ट्र मिलकर एक सैन्य ढांचा खड़ा करते हैं तो यह सीधे-सीधे नाटो और यूरोपीय संघ जैसी व्यवस्था की झलक देगा। पहले भी इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्मकोएलिशन (आईएमसीटीसी) नाम से 34 मुस्लिम देशों का गठबंधन बना था, लेकिन वह सक्रिय नहीं रह सका। इस बार पाकिस्तान और सऊदी की जोड़ी इसे नई ऊर्जा दे सकती है। यदि यह ढांचा मज़बूत हुआ तो यह पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना बदल देगा। ईरान, तुर्की, कतर और मिस्र की भूमिका इसमें निर्णायक होगी। यूरोप और अमेरिका के लिए यह चुनौती होगी कि उनके सामने एक नया सुरक्षा ब्लॉक खड़ा हो जाए, जो ऊर्जा संसाधनों और सामरिक स्थिति की वजह से बहुत प्रभावशाली होगा। साथियों बात अगर हम यूरोप और पश्चिम के लिए नई चुनौती वह चीन की प्रतिक्रियाकी करें तो यूरोपीय संघ और नाटो अब तक मुस्लिम दुनिया को अलग-अलग देशों के रूप में देखते रहे हैं। यदि इस्लामिक रक्षा ढांचा अस्तित्व में आता है, तो यूरोप के सामने एक संगठित सैन्य-राजनीतिक शक्ति खड़ी होगी। यह चुनौती खासकर ऊर्जा सुरक्षा, हथियार बाज़ार और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए होगी। यूरोप और अमेरिका को अपने पारंपरिक सुरक्षा प्रदाता की भूमिका पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। साथ ही,यह भी संभव है कि इस्लामिक ब्लॉक रूस और चीन के साथ नए समीकरण बनाए, जिससे पश्चिम की भू-राजनीतिक पकड़ और कमजोर होगी।चीन और रूस की प्रतिक्रिया-चीन और रूस इस विकास को अपने हितों के अनुसार देखेंगे। चीन पाकिस्तान का पारंपरिक साझेदार है और सऊदी अरब के साथ भी उसके गहरे आर्थिक रिश्ते हैं। यदि इस्लामिक सुरक्षा तंत्र बनता है तो चीन उसे आर्थिक और कूटनीतिक समर्थन दे सकता है ताकि अमेरिका का दबदबा कमजोर हो। रूस भी इसे पश्चिमी गठबंधनों के मुकाबले एक नया मंच मानकर ऊर्जा और हथियारों के सौदों के जरिए इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करेगा।साथियों बात अगर हम भारत की कूटनीतिक रणनीति की करें तो भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी कि वह सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ अपने रिश्तों को बनाए रखे। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान-सऊदी रक्षा समझौते का भारत-सऊदी साझेदारी पर नकारात्मक असर न पड़े। इसके लिए भारत को ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों के हित और निवेश संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। साथ ही, भारत को अमेरिका, यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे साझेदारों के साथ अपनी रणनीतिक समझ बढ़ानी होगी ताकि किसी संभावित इस्लामिक नाटो के दबाव को संतुलित किया जा सके। साथियों बात अगर हम क्षेत्रीय समीकरण-ईरान और तुर्की की भूमिका की करें तो,ईरान इस समझौते को संदेह की निगाह से देखेगा क्योंकि सऊदी अरब और पाकिस्तान दोनों ही ऐतिहासिक रूप से उसके प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। तुर्की अपने इस्लामिक नेतृत्व के दावे के चलते इसमें शामिल होने या न होने को लेकर दुविधा में रहेगा। यदि यह गठबंधन सुन्नी मुस्लिम देशों तक सीमित रहता है तो यह इस्लामिक वर्ल्ड में नई खाई भी पैदा कर सकता है। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे नया भू-राजनीतिक अध्याय, सऊदी अरब और पाकिस्तान का यह रक्षा समझौता न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे मुस्लिम वर्ल्ड, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन के लिए दूरगामी प्रभाव डालेगा। यह इस्लामिक नाटो जैसी संरचना की शुरुआत भी हो सकता है और साथ ही भारत जैसे देशों के लिए कूटनीतिक चुनौतियाँ भी पैदा करेगा।अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यह कदम एक नए अध्याय की तरह है।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

# पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अतऱ् अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अतऱ् मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो।

केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो। ये सब तुम्हारा भ्रम है अपने अंदर की पशुत्व को मिटाना छोड़ पशुबलि पर मुक्ति पाने का भ्रम पालते हो। साहेब कहते हैं, जीवन में जिसकी कमाई होगी उसी का फल मिलेगा। मनुष्य जो कुछ जीवन भर करता है उन्हीं सबका संस्कार मन में इकट्ठे होकर भीतर जमा होते हैं। और उन्हीं का फल आज तथा आगे मिलते हैं यदि तुमने जीवन में अच्छे संस्कार की कमाई की है तो तुम्हारे जीवन में शांति बनी रहेगी। ड्रम को मांज धोकर स्वच्छ जल भरोगे तो ड्रम के नल से स्वच्छ जल ही निकलेगा। गंदा पानी भरने से गंदा पानी निकलेगा। तेल भरने से तेल व जहर भरने से जहर ही निकलेगा। हे अभागे मनुष्य तू अपना माना हुआ सब कुछ छोड़कर एक दिन यहां से चला जाएगा। धन-जन साथी सब छूटेंगे। परंतु राम नहीं छूटेगा और राम है तेरी चेतना तेरा अभिन्न स्वरूप अतऱ् सारी वासनाएं छोड़कर राम में लीन हो जा। वे कहते हैं।

**राम न रमसि कौन डंड लागा।**
**मरि जबै का करिये अभागा।।**

# बिहार चुनाव दिलचस्प होगा

हाजीपुर में मंगलवार की रात जन सुराज यात्रा के दौरान प्रशांत किशोर ने लालू परिवार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि लालू परिवार की वापसी से बिहार में जंगल राज लौट सकता है। प्रशांत किशोर ने लालू यादव और तेजस्वी यादव पर निशाना साधा।बिहार और बिहार के लोग लालू-राबड़ी के जंगलराज से परिचित हैं, लेकिन 90 के दशक में जंगलराज का मतलब केवल बूथ लूटना, लूट-हत्या, छेड़खानी या लालू यादव की बेटियों की शादी के लिए गाड़ियों के शोरूम से नई गाड़ी उठाई गई ऐ मैं नहीं, पटना हाईकोर्ट ने 1990 से 2005 तक बिहार में लालू-राबड़ी शासनकाल को जंगलराज की संज्ञा 1997 में दी थी.उस समय जमीन लूटना, गोली मरना, चोरी और गन्दी फिल्मों का रिलीज होना आम बात था नौकरी के लिए पैसा देना पड़ता था नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने अपने सराहनीय प्रयास से बिहार में जंगल राज को खत्म किया पहले दिन में ही डाका पड़ता था थाने वाले भी उसे पकड़ने में नाकाम रहते और छोटे व्यापारी को चंदा देना होता था अपहरण की कितनी घटना हुई शिक्षा का भी व्यापार हुआ इसलिए बिहार से जो लोग भी नौकरी की तलाश में दूसरे राज्य में जाते तो इंटरव्यू में उल्टा क्वेश्चन पूछ कर भगा दिया जाता, मैंने वहाँ से 1992 में 3 साल का बीएससी का कोर्स 5 साल यानी 1994 में पूरा किया और कई बार बिहार की डिग्री के कारण अच्छे अच्छे संस्थान में इंटरव्यू में फेल हुआ क्योंकि जब कमिटी डिग्री देखती तो उसे भरोसा ही होता की सही है एक बार एक मास्टर डिग्री के छात्र को किसी अनुसंधान संस्थान, इंदौर में रिटेन के बाद इंटरव्यू देना पड़ा तो बिहार का डिग्री सुन कर लालू यादव के बारे में सवाल पूछ दिया और उसके बाद फेल हो गया केवल एक डिग्री का इस्सू नहीं था बल्कि वहाँ के लोग से सच्चाई का विश्वास भी उठ गया था अत: मैंने देहरादून से जब 1साल का इलेक्ट्रॉनिक में एडवांस कोर्स किया तब जाकर कहीं अच्छे संस्थान में बहुत क्वेश्चन का जबाब देने के बाद नौकरी मिली ऐ बहुत ही शर्म की बात है कि एक अनपढ़ लड़का पैसा और राजनीति ताकत के बल पर नौकरी पा लेता और जो पढ़े लिखे थे उन्हें अपने फर्ज के लिए सुबह 6 बजे भोर से ही ट्यूशन पढ़ना पड़ता और रात में घर लौटता क्योंकि वहाँ इंफ्रास्ट्रक्चर भी नहीं था इसलिए कहीं आने जाने में ही 2-3 घंटे लग जाते ऐ इंफ्रास्ट्रक्चर का काम तो दीखता है पुल बने रोड बना और लोगों को बेहतर सुविधा मिली विपक्ष के बोलचाल से जैसे किसी को भी गाली देना मंच से उतार देना है आज भी जिस तरह इंडिया गठबंधन के बोलने की भाषा आ रही है उससे यही लगता है कि यदि गलती से भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बिहार में फिर से गुंडाराज आ सकता है लेकिन मैं अभी तक ऐ समझ नहीं पा रहा हूँ माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उसका दो बार सरकार बनाने में साथ क्यों दिया और क्या संभावना है कि अगर त्रिशुंक बहुमत मिला तो क्या वो फिर से इंडिया गठबंधन में जा सकते हैं। हालांकि बिहार में मोदीजी को लोग विकास के लिए मानते हैं क्योंकि बिहार से जंगलराज के बाद गुजरात में जब नौकरी के लिए गए तो वहाँ का विकास देखा है .हाल ही में उप राष्ट्रपति धनकड़ जी का त्याग पत्र देना और उसके बाद उप राष्ट्रपति पी . राधाकृष्णनजी का बनना ऐ दिखाता है कि एनडीए अभी कमजोर नहीं है कुछ यू ट्यूबर पूर्व उप राष्ट्रपति के त्यागपत्र को ऐ बता रहें हैं कि वो कुछ उद्योगपति से मिलकर सरकार गिराने की कोशिश कर रहे थे और उद्योगपति ने इंडिया गठबंधन को सरकार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी को नीतीश कुमार या चंद्राबाबूनायडू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री बनाने को एकजुट होने को कहा और चंद्राबाबूनायडू को अपने राज्य में ही मुख्यमंत्री बनने की इक्छा जताई फिर नीतीश कुमार को कहा गया क्योंकि दोनों के गठबंधन से ही सरकार टिकी है और श्री नीतीश कुमार ने ये बात मोदीजी को बताई क्योंकि उन्हें मालूम था सरकार चलाना मुश्किल होगा अत: उन्होंने एनडीए के साथ ही रहने में अपनी भलाई समझी हालांकि मैं बिना जाने इसपर कोई भी टिप्पणी नहीं करूँगा लेकिन मोदीजी और नीतीश जी की जोड़ी बिहार में हिट हो रही है लेकिन अब कुछ नई पार्टी जैसे जनसुराज और अन्य छोटे दलों से भी वोट काटने की संभावना है। अत: बिहार का चुनाव में कांटे की टक्कर नजर आ रही है।

**-संजय गोस्वामी**

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बड़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की हो? युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं।



विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है।

महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं।

संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पड़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफरत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज से अलग आवाजों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि जरूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय-हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है। अपने 17 सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से , संयुक्त राष्ट्र समृद्धि बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने, और सभी प्रकार के भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने के देशों के प्रयासों का समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक दुनिया भर में कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं और सभी को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। तथा हाल ही में अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में, संयुक्त राष्ट्र ने उभरती चुनौतियों और अवसरों - जैसे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समाधान करने तथा भावी पीढ़ियों की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करने का वादा किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक्टनाउ अभियान ने दुनिया भर के लाखों लोगों को उन मुद्दों को चुनने, उन पर कार्रवाई करने और उनके प्रभाव को ट्रैक करने में मदद की है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। शांति स्थापना के कार्य शब्दों से अधिक जन-जीवन में जोर से गूंजें।

**-ललित गर्ग**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** सुस्त उठाव के बीच शनिवार को खाद्य तेलों में बाजार सुस्ती के रहे। तिलहनों में सोयाबीन बाजार नरमी के रहे। दलहनों में चना 50 रू. प्रति क्विटल टूटा। किराना बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में उठाव की सुस्तता से भावों में नरमी रही। तिलहनों में सोयाबीन 50 रू. प्रति क्विंटल घटाकर बोला गया। दलहनों में चना 50 रू. प्रति क्विंटल की टूटत पर रहा। उधर, किराना जिंसों में व्यापार कमजोर ही रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4210-4240, खोपरा गोला 325-375, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-260, ऊंझा हल्का 270-275, मीडियम 280-290, बेस्ट 290-320, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-775, गरबल 720-725, मटरदाना 795-810, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2750-2900, विरूद्ध नगर 2950-3150, मीडियम 2900-3150, बोल्ड 3200-3300, एक्ट्रा बोल्ड 3375-3400, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1550-1750, बेस्ट1800-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 900-925, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 825-850, काजू एस. डब्ल्यू 825-850, एस.एस. डब्ल्यू 800-825, जे.एच. 840-860, टुकड़ी 780-850, बादाम मगज 845-870, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3700-3750, (160) 4300-4350, (200) 5200-5400, (250) 5800-6000

**तेल**- सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1370, राजकोट तेलिया 2160-2170, सोया साल्वेंट 1170-1180, सोया रिफाइंड 1240-1245, कपास्या 1280, धूलिया 1270, कड़ी 1270,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1360, मुम्बई पाम 1280, मुम्बई सोया 1285,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 7000-7100, रायडा 6600, सोयाबीन 4350, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5850-5900, एवरेज 5500-5600, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 6000-6050, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7700-8300, बोल्ड 8600-8800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9000-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। किंतु दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 132200, चाँदी (99) 132000, टंच 131200, सिक्का 1500, सोना 10 ग्राम 113600,

# भारत ने औषधि में उपयोगी रसायन के आयात पर रोक लगाई

**नईदिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि 111 डॉलर प्रति किलोग्राम से कम सीआईएफ (लागत, बीमा, माल ढुलाई) मूल्य वाले "एटीएस-8 (4आर-सीआईएस)-1 1-डाइमिथाइलएथिल-6-सायनोमिथाइल-2 2-डाइमिथाइल-1 3-डायोक्सेन-4-एसीटेट" के आयात पर तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, पहले से अनुमति पत्र ले चुकी इकाइयों, निर्यात-उन्मुख इकाइयों और सामाजिक आर्थिक क्षेत्र द्वारा आयातित कच्चे माल को न्यूनतम आयात मूल्य शर्त से छूट दी जाएगी।दवाओं में इस्तेमाल होने वाला यह रसायन चीन जैसे देशों से आयात किया जाता है।



# आज का राशिफल

**मेष**- आज के दिन आपकी लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी, वहीं आपकी किसी मित्र से कहासुनी भी होने की संभावना है। आपके अंदर अहम आने से आपके लड़ाई-झगड़े बढ़ेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से पछतावा होगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज का दिन आपके कामों में भी गिरावट लेकर आएगा। आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होते-होते लटक सकती है। पार्टनरशिप में आपको पार्टनर पर निगरानी बनाकर रखनी होगी।

**वृषभ**- आज आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देंगे। कोई बड़ा लक्ष्य बनाकर चलना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालें। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

**मिथुन**- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहेगा, उन्हें किसी मनचाहे फल की प्राप्ति होगी और उनकी पद-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है, लेकिन आप अपने बॉस के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों में लापरवाही बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपको कुछ विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश अवश्य करेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा और आप किसी समस्या को लेकर अपने अध्यापकों से भी बातचीत कर सकते हैं।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए इनकम के पूर्ति के लिए रहेगा। धार्मिक कामों में आप आगे बढ़ेंगे और आप अपने शौक मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान देंगे। काम को लेकर यदि कुछ दिक्कत थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आप अपने आलस को त्यागकर आगे बढ़ें। किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी।

**सिंह**- आज आपको अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आप किसी काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना रखें। आपको सोच समझकर किसी काम को करना होगा। कारोबार में कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही ना करें। यदि आपने किसी को धन दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आप अपने बिजनेस में भी कुछ धन लगाने की सोचेंगे।

**कन्या**- आज आपको अपने किसी सहयोगी से कार्यक्षेत्र में खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ नहीं योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**तुला**- आज आपको जिम्मेदारी से काम करना होगा और आप अपने विरोधियों से सतर्क रहें। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपसे वापस ले सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी से कोई निर्णय सोच समझकर लेना होगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा, लेकिन किसी एक्सपर्ट की राय लेकर आगे बढ़ें।

**वृश्चिक**- आज आपको किसी बात को लेकर तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में चली आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करना होगा। व्यवसाय कर रहे लोगों का काम प्रगति पर रहेगा। आप अपनी संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए कहीं बाहर भेज सकते हैं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपका कोई लेनदेन आपको टेंशन दे सकता है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। यदि आपको कोई काम को लेकर समस्या है, तो आप उसे थोड़ा शांत रहकर मिटाने की कोशिश करें। आपके जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपने घर किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी में लोगों से आपके संबंध बेहतर रहेंगे। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिल सकती है। आपकी कुछ नये लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। परिवार में एकजुटता रहने से सभी सदस्य एक दूसरे के काम आएंगे। आप अपने घर और बाहर लोगों से तालमेल बनाकर रखें। आपके काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। नौकरी में भी यदि आपको कोई समस्या है, तो आप अपनी बात अपने बॉस के सामने अवश्य रखें। आपको किसी दूसरे के मामले में पड़ने से बचना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए बढिया रहने वाला है, क्योंकि आप क्रिएटिविटी से काम करके लोगों को हैरान करेंगे और आपको अपने किसी शत्रु की बातों में आने से बचना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आप अपने मन में किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे, तो यह बात आपके परिवार के सदस्यों को बुरी लग सकती है। आपको किसी कानूनी मामले में जीत मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

## शब्दजाल - 8027

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | बं | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | डो | शि | श | रा | क |
| च | र | द | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | बिं | त्रि |
| ब | रा | व | ल | ध | ड़ | क | पा | कां | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड़ी | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | गैं | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | णे | श | च | तु | र्थी | ब | श | त्रु | घ्न | ट |

शब्दजाल में 'प्रमुख त्यौहारों' के 10 नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

महाशिवरात्रि, रामनवमी, होली, दीपावली, गणगौर, गणेश चतुर्थी, नागपंचमी, नवरात्रा, रक्षाबंधन, वैशाखी

### शब्दजाल - 8026 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | धि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | इं | डे | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | ना | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | क्ष | स | रा | ह | इ | र |
| ब | क्म | अ | नु | म | ति | क | र | क | त्ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | नि | र्दे | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ग | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| बां | र | ल | प | रु | इ | जा | ज | त | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6971

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6970

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | दि | नी | | पु | | गैं | ब | ल | र |
| ध | | ल | ल | का | र | | हा | | वी |
| न | सी | म | | र | | प | र | वा | ना |
| | मा | | श | | सु | र | | सु | |
| आ | | आ | शि | क | | दे | वी | | ह |
| ह | मे | शा | | ह | व | स | | स | त्या |
| | ला | | आ | र | जू | | खे | ल | |
| बे | | ला | वा | | द | स | | मा | या |
| खु | | | ग | जू | | फ | र्ज | | ग |
| दी | वा | ने | | ली | ड | र | | टी | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**21 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.30 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 07.45 बजे से |
| मंगल | तुला में | वृश्चिक | 10.00 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.16 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 14.21 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 16.07 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 17.40 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 20.51 बजे से |
| | | मिथुन | 22.49 बजे से |
| | | कर्क | 01.02 बजे से |
| | | सिंह | 03.19 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2025 वर्ष का 264 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 01.24 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 09.32 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 19.53 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 12.47 बजे तदनन्तर नाग 01.24 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 41' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872474 **जूलियन दिन** 2460939.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 28 **विशेष** आश्विन अमावस्या, सर्व पितृ अमावस्या, सूर्य ग्रहण।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सादगी का संदेश

पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री सादगीपूर्ण जीवन के लिए प्रसिद्ध थे। उन्हें किसी भी तरह का दिखावा या आडम्बर पसंद नहीं था। वह मानकर चलते थे कि जनता के लिए काम करने वाले नेताओं को बिल्कुल उसी तरह रहना चाहिए जिस तरह आम आदमी रहता है। यही नहीं उन्हें यथासंभव अपनी सुविधाओं का त्याग कर देना चाहिए। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जेल में भी शास्त्री जी बिल्कुल सादगी के साथ रहते थे। राजनैतिक कैदी होने के कारण उनको जेल प्रशासन की ओर से कुछ विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती थीं, जिनमें से एक उनकी भोजन की थाली भी थी। मगर शास्त्री जी वह विशिष्ट थाली स्वयं न खाकर अपने अन्य कैदी साथियों में बांट दिया करते थे और स्वयं आम कैदियों को मिलने वाला साधारण भोजन ही उनके साथ बैठकर किया करते थे। इस दौरान वे उनका हालचाल भी पूछ लेते थे। जेलर को इस बात का पता चला तो वह उनके पास जांच के लिए आया और बोला, 'महाशय, यह जेल प्रशासन की ओर से आपके लिए बनाया गया भोजन होता है, मगर आप इसे औरों को बांट देते हैं। आखिर आप ऐसा क्यों करते हैं?' इस पर शास्त्री जी बोले, 'मेरे भाई, मुझे यहां सदा के लिए तो रहना नहीं है। आज यहां मिलने वाला उम्दा भोजन मुझे बाहर तो मिलने वाला नहीं है, फिर क्यों इसे खाकर मैं अपना स्वाद और आदत खराब करूं। मेरे लिए यह सादा भोजन ही छप्पन भोग के समान है।' यह कहकर शास्त्री जी जेल का साधारण खाना खाने लगे। जेलर भी उनके प्रति नतमस्तक हो गया।

## सूडोकू नवताल- 7280

★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7279 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली - 8495

**बाएँ से दाएँ**

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### शब्द पहेली -8494 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | न | का | र | | ग | ज | रा | |
| ला | त | | वै | | ज | | ह | क |
| हा | | या | या | व | र | | | ल |
| र | स | द | | ध | | प | ला | श |
| | | गा | ल | | जी | त | | |
| क | हा | र | | आ | | झ | र | ना |
| हा | | | ग | ठ | जो | ड़ | | म |
| नी | र | | म | | क | | ना | व |
| | ब | द | न | | र | ह | ब | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# स्थानीय शेयर बाजार में तीसरे सप्ताह भी बढ़त रही

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार ने साप्ताहिक आधार पर बिकवाली के बावजूद लगातार तीसरे सप्ताह भी अपनी बढ़त जारी रखी। घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, रुपये में गिरावट और अगले सप्ताह जीएसटी के कार्यान्वयन से पहले बाजार को समर्थन मिला। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार निकासी के बावजूद बाजार ने स्थिरता दिखाई। बीते पांच कारोबारी दिनों के हिसाब देखा जाए तो सोमवार को सेंसेक्स 81,998.51 पर खुला लेकिन दिन के अंत में 118.96 अंकों की गिरावट के साथ 81,785.74 पर बंद हुआ। निफ्टी भी मामूली उतार-चढ़ाव के बाद 25,069.20 पर बंद हुआ। मंगलवार को बाजार ने मजबूती दिखाई, सेंसेक्स 82,380.69 अंक पर बंद हुआ, जिसमें 594.95 अंक की बढ़त रही। निफ्टी भी 25,239.10 अंक



पर मजबूत बंद हुआ। बुधवार को भी सेंसेक्स 313.02 अंक बढ़ा और 82,693.71 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए 25,330.25 पर बंद किया। गुरुवार को सेंसेक्स ने 320.25 अंक की बढ़त के साथ 83,013.96 अंक पर कारोबार समाप्त किया। निफ्टी भी 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को बाजार लाल निशान में रहा, सेंसेक्स 82,626.23 पर बंद हुआ, जिसमें 387.73 अंक की गिरावट आई। निफ्टी भी 25,327.05 अंक पर 96.55 अंक गिरकर बंद हुआ। भारतीय बाजार में घरेलू निवेशकों की सक्रियता और फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से बाजार को मजबूती मिली। रुपये की गिरावट ने भी निर्यात उन्मुख कंपनियों को लाभ पहुंचाया। हालांकि एफपीआई की निकासी जारी रही, फिर भी बाजार में विश्वास बना रहा। आने वाले दिनों में जीएसटी लागू होने से बाजार में नई दिशा मिलने की संभावना है। निवेशकों को मुनाफा सुरक्षित करने के साथ-साथ सतर्क रहना होगा। इस प्रकार भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह उतार-चढ़ाव के बावजूद स्थिर और सकारात्मक रुख बनाए रखा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द, दोनों देशों ने तेज़ किए प्रयास

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के लिए प्रयास तेज करने पर सहमति जताई है। यह निर्णय दोनों देशों के शीर्ष अधिकारियों के बीच इस सप्ताह नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद सामने आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि यह बातचीत अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच और भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के बीच हुई। उन्होंने कहा कि चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक रही। लिंच ने वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की और विभिन्न व्यापारिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। जायसवाल के अनुसार दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते को शीघ्र निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, ताकि यह दोनों देशों के हित में लाभकारी हो सके। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते उस समय तनावपूर्ण हो गए थे जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। भारत ने इस कदम की तीखी आलोचना करते हुए इसे अनुचित और असंगत बताया था। हालांकि, हाल के वर्षों में दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने सहयोग की दिशा में कई सकारात्मक संकेत दिए हैं। नई वार्ताएं इस बात का संकेत हैं कि भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए गंभीर हैं।

# वैश्विक तेल बाजार में गिरावट, ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयर दबाव में

नई दिल्ली। वैश्विक तेल एवं गैस बाजार में मांग की धीमी गति और अधिक आपूर्ति के चलते गिरावट का रुख जारी है। अगस्त में ब्रेंट क्रूड की कीमत 67.4 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुई, जो मासिक आधार पर 3 फीसदी और वार्षिक आधार पर 14.6 फीसदी की कमी दर्शाती है। चीन में औद्योगिक मंदी, ओपेक प्लस की आपूर्ति बढ़ाने की योजना, और तेल भंडार में वृद्धि से कच्चे तेल के दाम 60 डॉलर से नीचे आने की संभावना बढ़ गई है। इसके अलावा, महामारी के बाद 'वर्क फ्रॉम होम' जैसे रुझानों ने तेल की मांग को संरचनात्मक रूप से प्रभावित किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता ने भी तेल की खपत घटाई है। भारत की प्रमुख अपस्ट्रीम कंपनियां ओएनजीसी और ऑयल इंडिया इस दबाव से अछूती नहीं हैं। पिछले 12 महीनों में इनके शेयर क्रमश: 18 फीसदी और 32 फीसदी नीचे आ चुके हैं। निवेशकों में नीतिगत अनिश्चितता, जैसे प्रशासित मूल्य निर्धारण और विंडफॉल टैक्स, को लेकर चिंता है। इसके साथ ही उत्पादन वृद्धि भी कमजोर रही है। हालांकि, दोनों कंपनियां अब नए विकास के दौर में प्रवेश कर रही हैं। ओएनजीसी को केजी बेसिन और अन्य परियोजनाओं से मदद मिलेगी, जबकि ऑयल इंडिया गैस पाइपलाइन विस्तार और नई क्षमता वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सस्ते मूल्यांकन और बढ़ती उत्पादन संभावनाओं के कारण इन कंपनियों के शेयरों में निवेश के अवसर बन सकते हैं। नीतिगत सुधार जैसे एपीएम गैस कीमतों में बदलाव और विंडफॉल टैक्स हटाने से रेटिंग में सुधार की उम्मीद है।

# शासकीय महाविद्यालय लांजी में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी का सफल आयोजन




लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लांजी के पुस्तकालय में 17 से 20 सितम्बर 2025 तक भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य आर. आर. सोनवाने द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. जे. एस. सिद्धू एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर कांता वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित मूल्यवान, ज्ञानवर्धक और दुर्लभ पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें साहित्य, विज्ञान, इतिहास, संस्कृति, और भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पुस्तकें शामिल थीं। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्ध साहित्य से परिचित कराना और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करना था। प्रदर्शनी के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन कर ज्ञानार्जन का लाभ उठाया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित पुस्तकों ने न केवल विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि उनके बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य आर. आर. सोनवाने ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को पुस्तकालय के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, पुस्तकें ज्ञान का अथाह सागर हैं, और इनका अध्ययन न केवल हमारी सोच को विस्तार देता है, बल्कि हमें जीवन में बेहतर निर्णय लेने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ और पुस्तकालय विभाग की इस पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया। लाइब्रेरियन डॉ. जे. एस. सिद्धू ने प्रदर्शनी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को किताबों के प्रति रुचि जगाने और उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायता करते हैं। प्रोफेसर कांता वर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। प्रदर्शनी की सफलता में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के दौरान पुस्तकालय में उत्साहपूर्ण माहौल देखा गया, जहां विद्यार्थियों ने न केवल पुस्तकों का अवलोकन किया, बल्कि विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। यह प्रदर्शनी न केवल एक शैक्षणिक आयोजन था, बल्कि यह विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान का एक मंच भी साबित हुई। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया, ताकि विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरणा और ज्ञान प्राप्त होता रहे। इस आयोजन ने शासकीय महाविद्यालय लांजी के शैक्षणिक और सांस्कृतिक माहौल को और समृद्ध किया, और यह भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार-प्रसार में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# उल्लास नव भारत साक्षरता अंतर्गत मूल्यांकन परीक्षा का किया आयोजन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रदेश में साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के जारी पत्र के अनुसार एवं कलेक्टर बालाघाट के मार्गदशन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 20 सितम्बर 2025 को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन विकासखण्ड की समस्त 182 परीक्षा केन्द्रो पर किया गया। जिसमें 4415 का लक्ष्य असाक्षरो को साक्षर करने हेतु किया गया है। परीक्षा केन्द्रो के निरीक्षण हेतु मानिटरिंगकर्ता के रूप में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक जनशिक्षक एवं संकुल सह समन्वयक की ड्यूटी लगाई गयी। परीक्षा के सफल संचालन में शिवेन्द्र उके (विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी) एवं खिलेश डोहरे (विकासखण्ड सह समन्वकय नव भारत साक्षरता जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी) का विशेष योगदान रहा है। 182 स्कूल केंद्र पूरे विकास खंड मे(बीएसी) युवराज टेंभरे, अरुण भिमटे (बीएसी) व लक्ष्मीकांत मड़ामे बीएबी का उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन किया गया।

# जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव के छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट में 19 सितंबर 2025 को आयोजित जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगांव, (लांजी) के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निम्नलिखित श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हासिल की। सुलेख प्रतियोगिता- कक्षा की छात्रा कु. पलक, पिता सतीश बुढावने ने अपनी सुंदर और आकर्षक लेखन शैली से सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्रश्न मंच प्रतियोगिता- इस रोमांचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में कु. उपमा नारायण कलपूरे और कु. अनुष्का विजय कटरे की जोड़ी ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और त्वरित जवाबों से प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं ने अपनी सूझबूझ से सभी को प्रभावित किया। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता- छात्र कुनाल लीलाधर बारबुधे ने अपनी वाक्पटुता और आत्मविश्वास के साथ तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके भाषण ने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निबंध प्रतियोगिता- छात्र सम्यक अनिल नागवंशी ने निबंध लेखन में अपनी लेखन कुशलता और विचारों की गहराई के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। उनके निबंध की प्रस्तुति और विषय की समझ को सभी ने सराहा। वाद-विवाद प्रतियोगिता- कु. साक्षी बल्ले तपेश्वर बल्ले ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपनी तार्किक क्षमता और प्रभावशाली वक्तव्य के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रस्तुति ने जूरी और दर्शकों का दिल जीत लिया। पाठ्यपुस्तक आधारित कविता प्रतियोगिता- इस श्रेणी में कु. बबी ने अपनी भावपूर्ण और रचनात्मक कविता प्रस्तुति के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों ने सभी विजयी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। प्राचार्य ने कहा, हमारे छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण से हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे लांजी क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं से सभी को बड़ी उम्मीदें हैं, और वे निश्चित रूप से अपने प्रदर्शन से मध्य प्रदेश का नाम भी रोशन करेंगे।

# मोहझरी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




लांजी (पद्मेश न्यूज)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के विकासार्थ विद्यार्थी मंच के तत्वावधान में लांजी तहसील के ग्राम मोहझरी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र विस्तार और युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, अभाविप कार्यकर्ता, नगर मंत्री ऋषभ रजक, मंच प्रमुख कमलेश गुर्दे, महाविद्यालय प्रमुख ललित भरने, सामाजिक प्रमुख धनराज गुर्दे, सह-मंत्री संस्कार अग्रवाल, आशीष बड़गैया, सुमित ठाकरे, वैभव नगपुरे सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण संकल्प के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय, पंचायत भवन और सड़क किनारे जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 150 पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, आम, जामुन, अर्जुन और कचनार जैसे छायादार व औषधीय वृक्ष शामिल थे। मंच प्रमुख कमलेश गुर्दे ने कहा, पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम अब नहीं जागे, तो भावी पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। यह प्रयास समाज को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में प्रेरित करता है। अभाविप कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और विद्यार्थियों ने नारे व पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। विद्यालय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि युवाओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जागृत होगी। कार्यक्रम में 10 छायादार व औषधीय पौधों का रोपण विशेष रूप से किया गया। अंत में विद्यार्थियों के साथ चर्चा हुई, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और हरित भारत अभियान में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया गया।

# आवास कालोनी में स्वच्छता एवं सफाई को लेकर चलाया घर घर जागरूकता अभियान



लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी में स्वच्छता सेवा पखवाड़े राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत परिषद अन्तर्गत कार्यरत सभी सफाई मित्रो को लाभांवित किया गया। इस संबध में जानकारी देते हुये बताया गया कि नगर परिषद् लांजी में शिविर लगाकर सफाई मित्रों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया गया, जिसके तहत कैम्प में आयुष्माण कार्ड एवं जीवन ज्योती बीमा तथा अन्य योजनाओं के फार्म भरवाये गये। आयुष विभाग के ब्लाक पैरामेडिकल टीम द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परिक्षण कर दवाओं का वितरण भी किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मयूर वाहने मुख्य नगरपालिका अधिकारी, वार्ड क्र. 12 पार्षद मुकेश रणदिवे एवं डॉ प्रीतेश मते एवं डॉ मानशी रहांगडाले तथा ब्लाक पैरामेडिकल टीम आयुष विभाग उपस्थित था। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 02 आवास कालोनी में स्वच्छता एवं सफाई को लेकर डोर टूॅ डोर कैपेंन किया गया, तथा लोगो को स्वच्छता से जोडने् एवं आस-पास के परिसर को साफ तथा स्वच्छ बनाए रखने एवं सूखे कचरे-गीले कचरे को अलग-अलग कचरा वाहन में ही देने के लिए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। एक पेड मॉ के नाम के तहत लांजी बाल उद्यान में वृक्षारोपण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम मे नगर परिषद लांजी से स्वच्छता सहायक नोडल संतोष भार्गव एवं स्वच्छता सहायक उत्तम रामटेक्कर उपस्थित थें।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विशेष वाहन जांच अभियान, 17 वाहनों पर कार्रवाई



लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन पुलिस विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 15 दिवसीय विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लांजी पुलिस ने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सक्रिय कार्रवाई की। एसडीओपी ओमप्रकाश भापुसे के दिशा-निर्देश और थाना प्रभारी व्यंकट टांडिया के नेतृत्व में लांजी-आमगांव मार्ग पर रमपुरा के समीप अस्थाई जांच चौकी स्थापित कर वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज, तेज गति, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, नाबालिग द्वारा वाहन चालन, मोबाइल पर बात करना, शराब पीकर वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, फिटनेस या परमिट के वाहन चलाने जैसे उल्लंघनों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अभियान में लांजी पुलिस ने 17 छोटे-बड़े वाहनों की जांच कर 6,100 रुपये का समंस शुल्क वसूला। इस कार्रवाई में एएसआई महेश बिसेन, आरक्षक रंजित प्रजापति, संजय भंजेकर, अनिल जाट, जितेंद्र पन्द्रे और अनारकली भारद्वाज शामिल रहे। पुलिस ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। लांजी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि यह उनकी और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# सीटू युनियन का पांचवा जिला सम्मेलन सम्पन्न

## नवीन कार्यकारिणी किया गया गठन, पुन : अध्यक्ष बनाए गए वाय.आर बिसेन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शनिवार को सीटू युनियन जिला समिति बालाघाट का पांचवा जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक धर्मशाला में आयोजित इस सम्मेलन में मजदूर कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तो वही केंद्र द्वारा लागू नए श्रम कानूनों के विरोध में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए, उक्त कानून को रद्द करने की मांग को लेकर आगामी रणनीति बनाई।सीटू के महासचिव प्रमोद प्रधान की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित इस 5वे सम्मेलन में संगठन के जिला समिति के पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें पुनः सीटू संगठन के अध्यक्ष की जिम्मेदारी अधिवक्ता वाय.आर बिसेन को सौंपी गई। इसके अलावा कार्यवाहक अध्यक्ष थानसिंह इड़पांचे व महासचिव संतोष मंडलवार को मनोनीत किया गया। इसके अलावा कार्यवाहक अध्यक्ष थानसिंह इड़पांचे व महासचिव संतोष मंडलवार, उपाध्यक्ष प्रेमराज वरकड़े, कृष्ण कुमार




रूपेश बिसेन, रूपेश सोनेकर, दुर्गा इनवाती, प्रकाश ठाकरे, सहायक महासचिव अंजली बिसेन, सचिव सीमा तेलासे, रत्नमाला वाहने, नोकेश बिसेन, कोषाध्यक्ष सुरेश चौहान सहित कार्यकारिणी सदस्य भी बनाया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सीटू युनियन के पदाधिकारी के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एम.आर, श्रमिक सहित अन्य मौजूद रहे।

### विशाखापटनम में होंगा राष्ट्रीय सम्मेलन-प्रधान

इस दौरान सीटू युनियन के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान ने बताया कि हमारा संगठन जनवादी कार्यप्रणाली से चलता है। हर तीन साल में हर स्तर पर सम्मेलन चलते है। राष्ट्रीय सम्मेलन 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक विशाखापटनम में होगा। इससे पूर्व सभी प्रदेशों में जिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश का सम्मेलन 9,10,11 नवम्बर को गुना में आयोजित किया गया है। इसके पूर्व प्रदेश के जिलों में जिला सम्मेलन कराया जा रहा है इसी कड़ी में आज बालाघाट जिले का जिला सम्मेलन आयोजित हुआ। संगठन के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, किसानों व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों सहित अन्य श्रमिकों के हितों के लिये संघर्ष किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर संगठन द्वारा आंदोलन व प्रदर्शन किया जाता है।

### श्रमिक, किसान मजदूरों के विरोध में बनाए गए कानूनों का चलता रहेगा विरोध-बिसेन

इस दौरान सीटू के अध्यक्ष कामरेड वाय.आर बिसेन ने बताया कि हर तीन वर्ष में हमारा जिला सम्मेलन होता है। आज सीटू के कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में श्रम कानून में जो संशोधन किया गया है व पुरानी कृषि नीति को भी समाप्त कर कृषकों के लिए नई नीति बनाई गई है। जिसके विरोध में सीटू युनियन संघर्षरत है।

# सांदीपनि विद्यालय में हुआ आई.टी. क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल




के पत्रानुसार सूचना प्रौद्योगिकी, बॉयोटेक्नोलॉजी एवं विज्ञान तकनीकी विभाग, कर्नाटक एवं टाटा कंसलटेंसी सर्विस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अध्ययनरत् कक्षा ८ वीं से १२वीं के विद्यार्थियों के लिए रूलर आई.टी.क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस विद्यालय से कक्षा ८वीं से १२वीं तक कुल ६० इच्छुक विद्यार्थियों के द्वारा प्रथम चरण की प्रतियोगिता हेतु नामांकन कराया गया। विद्यालय स्तर पर परीक्षा का आयोजन २० सितंबर को समय १ बजे से २ बजे तक किया गया। परीक्षा में ६० विद्यार्थियों के द्वारा आई.टी क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया गया ।इस प्रतियोगिता में टाटा कंसलटेंसी सर्विस (टी.सी.एस) के द्वारा मॉडल प्रश्न पत्र भेजा गया था। जिसमें प्रश्न क्रमांक १ से १५ तक आब्जेक्टिव प्रश्न रखे गए थे। तथा प्रश्न क्रमांक १६ से २० तक टाई ब्रेकर प्रश्न रखे गए थे। प्रतियोगिता उपरांत मूल्यांकनकर्ताओं के द्वारा सर्वश्रेष्ठ ६ विद्यार्थियों का चयन प्रदेश स्तर के द्वितीय राउंड हेतु किया गया। परीक्षा परिणाम के आधार पर कु. जान्हवी टेंभरे, कु. संचिता माहुले, कु. स्वाती बोपचे, कु. सलोनी भगत, कु. माही चौहान तथा कु. वीणा चौहान का चयन द्वितीय चरण परीक्षा के लिए हुआ। आई.टी.क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का संचालन प्राचार्य हुमराज पटले , परीक्षा प्रभारी लखन रिनायत, डेलेन्द्र मेश्राम आई.टी.शिक्षक के द्वारा सफ्लतापूर्वक किया गया। इस परीक्षा के सफ्ल क्रियान्वयन में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती वंदना शर्मा, प्रविण राणा , कमल टेंभरे , हिमांशु कटरे, श्रीमती प्रियंका सोनी, सुश्री स्मिता वनवे एवं अमित डोंगरे का योगदान रहा। तथा चयनित विद्यार्थियों को शाला परिवार की ओर से प्रमाण पत्र एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर मे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर मे विशेष अतिथि के तौर पर राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, भुवनभाऊ राहंगडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, जनपद पंचायत निर्माण समिति सभापति योगराज भास्कर, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार राणा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष माटे भीखूराम मात्रे,भाजपा मण्डल अध्यक्ष किरनापुर श्रीमती मीना नन्हे बहेकार, ग्राम पंचायत हिर्री सरपंच विनीता पाराशर, खुर्शीदा बानो कुरैशी, सरिता जोशी, लेशन तारन,एन आर गर्दे, संतोष शर्मा, शिव तारन, ओ आर मेश्राम, लोमेश तुरकर, राजू भीमटे, महेश बाहे, युवराज पांचे, अनुविभागीय अधिकारी मयाराम कौल, तहसीलदार, बीएमओ डॉ वर्ष




चौबे, शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता जैन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात् छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि स्वास्थ विभाग के मैदानी अमले की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि प्रत्येक महिला के स्वास्थ्य की जांच हो। कोई भी महिला नहीं छूटनी चाहिए। परिवार मे महिला स्वस्थ होगी तो ही पूरा परिवार भी रह सकता हैं।हमारे द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही। जिससे अब सरकारी अस्पताल में आने वाला कोई भी मरीज बिना ईलाज के वापस नहीं जायेगा। आगे विधायक राजकुमार कर्राहे ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर मे बाउंड्रीवल एवं बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराने जाने की बात कहीं। इस शिविर के माध्यम से विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर मे 46 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। तथा 130 की आंखों की जांच की गई। उसी प्रकार 40 बुखार वाले मरीज,30 खुजली रोग,33 ब्लड ग्रुप,20 शुगर,21 ब्लड प्रेशर,12 हीमोग्लोबिन,15 सरदर्द,10 कमजोरी 15 नाक, कान से जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त रोगियों का इलाज़ किया गया। वही कार्यक्रम के प्रारंभ एवं अंत में शासकीय महाविद्यालय किरनापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा लोगों मे जागरूकता का संदेश देने नशा मुक्ति अभियान से संबद्ध नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीण नागरिकों की मौजूदगी रही।

# एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सिंघई में सेवा पखवाड़ा का किया गया आयोजन

उकवा(पद्मेश न्यूज)। एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सिंघई (उकवा) मे सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह विशेष अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से की



गई है और समापन महात्मा गांधी की जयंती पर किया जायेगा। यह अभियान स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, पोषण, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में जनता और प्रशासन को एक मंच पर लाकर जनभागीदारी से जनकल्याण का आदर्श प्रस्तुत करेगा। इसी तारतम्य में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सिंघई में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अथिति स्वरूप सर्व धर्म सेवा समिति के सक्रिय सदस्य समाजसेवी संदीप गजभिये एवं समाजसेवी अमन गौतम वन्यजीव रेस्क्यू टीम के सदस्य प्रदीप कुमार व , टीकेश दीप ने विद्यार्थियों को बाघ, अजगर, सांप, मोर जैसे वन्यजीवों के महत्व और स्वच्छता पर रोचक जानकारी दी। टीम ने बच्चों को समझाया कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इन्हें बचाना सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में दो शिशम के पौधे भी लगाए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में भाग लिया और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी गीता यादव एवं शिक्षक गण बघेश्वरी नागपुरे, मधु पाटिल, भोजलाल सोनवाने और घनश्याम पटले उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित किया।

# तिरोड़ी थाना परिसर में नवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को थाना परिसर तिरोड़ी में आगामी नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मायॅल दुर्गा उत्सव समिति सचिव आंनद बागड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, पूर्व सरपंच आंनद बरमैया, प्रीतम वारदे, धमेन्द्र काशी सहित तिरोड़ी के गणमान्य जन, विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों और आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच गण भी शामिल हुए. बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि नवरात्रि हिंदू समाज का एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है. इसे आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है. प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य है.




प्रतिमा स्थापना, मूर्ति के आकार, साउंड सिस्टम के प्रयोग, शोभायात्रा के मार्ग और प्रतिमा विसर्जन सहित सभी कार्यक्रमों के लिए निर्धारित समय सीमा और नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए. थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, विवाद या कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. किसी को भी दिशानिर्देशों से बाहर जाकर कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी. साउंड सिस्टम के ध्वनि स्तर पर निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा. समितियों से अपील की गई कि शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीत, डीजे पर अशोभनीय गाने बजाने या ऐसे कार्यों से बचें जिनसे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों. शोभायात्रा के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा. बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करने और नियमों का पालन करते हुए नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का आश्वासन दिया. बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किया ऐलान

## बोनस राशि का होगा बहिष्कार

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। आगामी 24 सितम्बर को बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी स्थित कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस वितरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस के रूप में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तांतरण करेंगे. सीएम के इस कार्यक्रम में वितरित की जाने वाली 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस राशि का राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. शनिवार को सिवनी रोड़ स्थित कार्यालय में महासंघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर यह निर्णय लिया. जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने कहा कि किसानों ने कभी बोनस की मांग नहीं की. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि प्रदेश में सरकार बनने पर किसानों को धान का 31 सौ रुपए और गेहूं का 27 सौ रुपए समर्थन मूल्य दिया जाएगा. इस घोषणा को मोदी की गारंटी का नाम दिया गया था लेकिन प्रदेश में भाजपा ने सरकार बनने के दो साल में अपने वादे के मुताबिक किसानों को समर्थन मूल्य नहीं दिया. खोवेन्द्र तुरकर कहते है कि सरकार किसानों को बोनस देने की बजाय 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य के वादे के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर के हिसाब से वर्ष 2023-24 का 917 रुपए और वर्ष 2024-25 का 800 सौ रुपए का भुगतान करें. उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह सरकार की बोनस राशि का बहिष्कार करते हुए अंतर की राशि की मांग करें। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक में वन्य प्राणियों के द्वारा किसानों के खेतों की फसलों की नुकसानी और वन्य प्राणी के द्वारा इंसानी शिकार की घटनाओं पर दिए जाने वाले मुआवजे की राशि में भेदभाव जैसे गंभीर विषय में भी चर्चा की गई. दरअसल, इन विषयों को लेकर संघ के पदाधिकारी लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सरकार के समक्ष इन विषयों को लाकर इनके निराकरण की मांग कर चुके है किंतु इन गंभीर विषयों पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया. अब सीएम कटंगी आ रहे है तो संघ के पदाधिकारी किसी भी माध्यम से सरकार का इन विषयों की तरफ ध्यानाकर्षण करवाना चाहते है. संघ ने वन्य प्राणियों को किसानों के खेतों तक आने से रोकने के लिए जंगल के आसपास तार फेंसिंग करवाने और खेतों को नुकसान पहुंचाने वाले वन्य प्राणियों को किसानों को मारने की अनुमति प्रदान करने की मांग भी रखी है. महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार वन्य प्राणियों के हमले में मरने वाले पीड़ित के परिवार को मुआवजा प्रदान करने में भी भेदभाव कर रही है. प्रदेश के शहडोल जिले में हाथी के हमले से मौत होने वाले आदिवासी के परिवार को 25 लाख रुपए की राशि दी गई जबकि कटंगी में बाघ के हमले में जिन लोगों की जान गई उनके परिवार को 08 लाख रुपए का मुआवजा ही मिला। बैठक में जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, समाजसेवी शरद कुमार पाण्डेय, लकेश कटरे, दिनेश कुमार गजभिए, अरुण गजभिए, योगेश राहंगडाले, बालकृष्ण राहंगडाले, चेतनलाल कटरे, महेश राहंगडाले, गितेन्द्र बिसेन, धनसिंह पटले, भरत सिंह देशमुख, महेश कुमार पटले, रोशन लाल तुरकर, मिनेश राज तुरकर, आशुतोष बिसेन सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य को आया ई-मेल, पाकिस्तान के अस्पताल में प्रसन्नजीत रंगारी

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। करीब 13 वर्षों से लापता बालाघाट जिले खैरलांजी का निवासी प्रसन्नजीत रंगारी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में सुरक्षित है. पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम के.डी.देशमुख को भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान ने ई-मेल के जरिए यह जानकारी साझा की है. भारतीय उच्चायोग, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और उसकी भारत वापसी के लिए लगातार बातचीत कर रहा है. बीते दिनों 2 सितंबर 2025 को प्रसन्नजीत की रिहाई का मुद्दा पाकिस्तानी पक्ष के समक्ष भी उठाया गया था. प्रसन्नजीत रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट थे और वर्ष 2012 में अचानक से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था जिसके बाद से वह लापता थे. प्रसन्नजीत की बहन संघमित्रा खोब्रागड़े जो बालाघाट जिले के ही तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार की निवासी है उन्हें वर्ष 2023 में एक अनजान





शख्स ने कॉल कर बताया था उनका भाई जीवित है और पाकिस्तान के लाहौर स्थित कोट लखपत जेल में बंद है. जिसके बाद संघमित्रा ने अपने लापता भाई की सकुशल रिहाई और भारत वापसी के लिए भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री और तत्कालीन बालाघाट कलेक्टर को आवेदन किया था. तब यह मामला राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया के समाचार पत्रों और टीवी चैनलों में छा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख ने वर्ष 2023 के दिसंबर माह में महकेपार पहुंचकर संघमित्रा से मुलाकात की और दो मुल्कों के बीच का मामला होने पर विक्रम देशमुख ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित होने वाले 'मदद' पोर्टल पर लापता प्रसन्नजीत की भारत वापसी के लिए शिकायत दर्ज करवाई. इस शिकायत के करीब 20 माह बाद अब भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान से ईमेल के माध्यम से विक्रम देशमुख को सूचना दी गई कि प्रसन्नजीत रंगारी पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में सुनील अद्यय के नाम से उपचार ले रहे हैं. उन्होंने बताया कि भारतीय उच्चायोग पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और भारत प्रत्यावर्तन के लिए निरंतर बातचीत हो रही है।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं ने बनाये वनडे में 781 रन, ऑस्ट्रेलिया की जीत

नई दिल्ली । दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों ने मिलकर रिकॉर्ड 781 रन बना दिए। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की 57 बॉल पर सेंचुरी के दम पर 412 रन बनाए। इंडिया विमेंस के खिलाफ यह हाईएस्ट स्कोर रहा। जवाब में भारत से स्मृति मंधाना ने 50 बॉल पर सेंचुरी लगाकर 20 ओवर में टीम के 200 रन पूरे करा दिए। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने फिफ्टी लगाकर टीम को 350 के पार पहुंचाया, लेकिन टीम 369 रन बनाकर सिमट गई। टीम ने 43 रन से मैच गंवाया, इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 3 वनडे की सीरीज 2-1 से जीत ली। विमेंस वनडे में इससे पहले कभी एक मैच में 700 रन भी नहीं बने थे। इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका ने 2017 में मिलकर 678 रन ही बनाए थे। इंडिया विमेंस के खिलाफ पहली बार ही किसी टीम ने 400 रन बनाए। इससे पहले भी इंडिया के खिलाफ हाईएस्ट स्कोर ऑस्ट्रेलिया ने ही बनाया था।

ऑस्ट्रेलिया विमेंस के खिलाफ भी हाईएस्ट वनडे स्कोर बना। टीम के खिलाफ इससे पहले किसी ने 300 रन भी नहीं बनाए थे। विमेंस वनडे में पहली बार ही कोई टीम 350 रन बनाने के बावजूद हारी है। बेथ मूनी प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। वहीं 300 रन बनाने के लिए मंधाना को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।



## टीम इंडिया की जर्सी का बदला रंग, भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसा हुआ पहली बार; जानें वजह




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को हमने हमेशा लिमिटेड ओवर क्रिकेट में नीली जर्सी में देखा है, मगर बीसीसीआई ने ऐताहिसिक कदम उठाते हुए इंडिया वुमेंस वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वुमेंस तीसरे वनडे में जर्सी का रंग बदलने का बड़ा फैसला किया है। यह फैसला ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी एक्स पर दी। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है जब जर्सी का रंग पूरे तरीके से बदला गया है। 2019 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने ऑरेंज कल की जर्सी पहली थी, मगर उसमें आगे नीला कलर था। मगर इस बार जर्सी का कलर पूरी तरह से पिंक किया गया है। हालांकि जर्सी का रंग सिर्फ एक मैच के लिए ही बदला गया है। बीसीसीआई ने इसका जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, 卐स्तन कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टीम इंडिया आज तीसरे वनडे में विशेष गुलाबी रंग की जर्सी पहनेगी।卐

भारत ही ऐसा करने वाला पहला देश नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में हर साल, सिडनी में न्यू ईयर टेस्ट के दौरान एक प्रमुख वार्षिक स्तन कैंसर जागरूकता अभियान आयोजित किया जाता है, जिसे पिंक टेस्ट के नाम से जाना जाता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में आयोजित यह मैच जेन मैकग्राथ (ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ की दिवंगत पत्नी) के सम्मान में गुलाबी रंग में रंग जाता है और मैकग्राथ फाउंडेशन के लिए धन और जागरूकता बढ़ाता है। यह आयोजन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के घरेलू कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, और मैकग्राथ फाउंडेशन के साथ इसकी साझेदारी स्तन कैंसर से प्रभावित लोगों की सहायता करती है। बात मुकाबले की करें तो, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह डिसाइडर मैच खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। वहीं हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने दूसरे वनडे में पलटवार करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 108 रनों से धूल चटाई थी। आगामी वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए भारत इस सीरीज का अंत जीत के साथ करना चाहेगा।

## पिता के निधन के बाद भी श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे ने दिखाई अद्भुत हिम्मत

दुबई। एशिया कप 2025 में श्रीलंका के युवा स्पिनर दुनिथ वेलालागे ने पिता के अचानक निधन के बावजूद खेल के प्रति अपनी अपार प्रतिबद्धता और हिम्मत दिखाई है। 22 वर्षीय यह हरफनमौला खिलाड़ी अफगानिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच के बाद पिता के निधन की खबर सुनकर स्वदेश लौटे थे, लेकिन अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद उन्होंने टूर्नामेंट में दोबारा लौटने का साहसिक फैसला लिया। अब वह शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

गौरतलब है कि दुनिथ के पिता सुरंगा वेलालागे का गुरुवार रात 54 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उसी दिन दुनिथ ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के ग्रुप बी लीग मैच में हिस्सा लिया। इस दौरान मोहम्मद नबी ने उनके पारी के आखिरी ओवर में लगातार 5 छक्के लगाए। मैच जीतकर श्रीलंका ने अगले दौर में अपनी जगह पक्की की, जबकि अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया। मैच के बाद ही दुनिथ को पिता के निधन की दुखद खबर मिली और वह अगली फ्लाइट से कोलंबो लौट गए। शुक्रवार रात उन्होंने टीम मैनेजर महिंदा हालंगोडे के साथ यूएई लौटकर टीम में दोबारा शामिल हो गए।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार रात बयान जारी कर कहा, 卐श्रीलंका की टीम यूएई में चल रहे टूर्नामेंट के सुपर 4 अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। दुनिथ वेलालागे इस मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।卐 बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के बाद श्रीलंका का सामना क्रमश: 23 सितंबर को पाकिस्तान और 26 सितंबर को भारत से होगा।

दुनिथ वेलालागे की यह हिम्मत क्रिकेट जगत में महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की याद दिलाती है। 1999 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान सचिन के पिता का निधन हुआ था, लेकिन उन्होंने अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद टूर्नामेंट में लौटकर खेल जारी रखा था। अफगानिस्तान के खिलाफ जीत ने श्रीलंका की स्थिति मजबूत की और बांग्लादेश को सुपर 4 में जगह बनाने का फायदा मिला। दुनिथ की वापसी टीम को अतिरिक्त मजबूती देगी, और उनके साहस और समर्पण ने साबित कर दिया है कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और भावनात्मक दृढ़ता का भी प्रतीक है।

## आखिरकार...कैसे उड़ी सचिन तेंदुलकर और अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर के संबंधों की खबरें

मुंबई,। बॉलीवुड और क्रिकेट के बीच सालों से नजदीकियों और अफवाहों ने सुर्खियां बटोरी हैं। कई क्रिकेट खिलाड़ी बॉलीवुड अभिनेत्रियों से शादी कर चुके हैं या उनकी अफवाहें रही हैं। ऐसी ही अफवाह 1990 के दशक में उड़ी थी कि मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर के साथ रोमांटिक संबंध था।

हालांकि इन खबरों को दोनों पक्षों ने हमेशा स्पष्ट रूप से खारिज किया है। शिल्पा शिरोडकर 2000 में यूके के बैंक अधिकारी अपरेश रंजीत से शादी कर चुकी हैं, जबकि सचिन ने अंजली तेंदुलकर से शादी की, जिनके साथ उनके दो बच्चे हैं। दरअसल एक पुराने इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि उनका नाम सचिन से कैसे जुड़ा। उन्होंने बताया कि वह पहली बार सचिन से 1991 में अपनी फिल्म हम की शूटिंग के दौरान मिलीं। यह मुलाकात एक पारिवारिक कनेक्शन के जरिए हुई। उनके रिश्तेदार और सचिन एक साथ बैंड्रा ईस्ट में क्रिकेट खेलते थे। शिल्पा ने कहा कि तब सचिन पहले से ही अंजली को डेट कर रहे थे, और यह उनके दोस्तों के बीच सभी को पता था, लेकिन सार्वजनिक रूप से कोई नहीं जानता था। शिल्पा ने कहा, जब मैं फिल्म हम कर रही थी, तब मैं पहली बार सचिन से मिली, क्योंकि सचिन जहां रहते थे, मेरे कजिन भाई वहां रहते थे।



सचिन और मेरे कजिन भाई साथ में क्रिकेट खेलते थे। सचिन तब पहले से अंजली को डेट कर रहे थे। हम सबको पता था, लेकिन किसी को नहीं बताया गया। बस एक बार मिलने से लोगों ने अफवाहें शुरू कर दीं।

वहीं सचिन तेंदुलकर ने भी अफवाह को सार्वजनिक रूप से खारिज किया। पुराने इंटरव्यू में, जब सचिन से पूछा गया कि उनके बारे में सबसे बेवकूफी भरी बात क्या सुनी, तब उन्होंने शिल्पा शिरोडकर के साथ अफेयर की अफवाह का उदाहरण देकर कहा, शिल्पा और मैं अफेयर में थे? हम एक-दूसरे को जानते भी नहीं थे।

सचिन ने 24 मई 1995 को अंजली से शादी की। छह साल की उम्र के अंतर के बावजूद उनकी जोड़ी आज भी मजबूत है। दोनों की मुलाकात मुंबई एयरपोर्ट पर हुई थी और अंजली ने सचिन का नंबर हासिल किया। जल्द ही दोनों की डेटिंग शुरू हुई और दोनों ने पहली नजर का प्यार बताया। अंजली क्रिकेट के बारे में ज्यादा नहीं जानती थीं, लेकिन उन्होंने सचिन की दुनिया को समझने के लिए क्रिकेट सीखने की कोशिश की। दोनों के दो बच्चे हैं बेटी सारा और बेटे अर्जुन तेंदुलकर।

शिल्पा की शादी और परिवार

शिल्पा की शादी अपने समय में जल्दी और सरल तरीके से हुई। उन्होंने 2000 में अपरेश रंजीत से शादी की और जल्द ही उनकी बेटी अनुष्का रंजीत का जन्म हुआ। शिल्पा ने बताया कि उन्होंने अपने पति से मिलने के डेढ़ दिन बाद ही हां कह दी थी, क्योंकि उनकी ईमानदारी ने उन्हें आकर्षित किया, भले ही अपरेश का करियर उन्हें विदेश ले जा रहा था। शिल्पा ने कहा, मैं मुंबई छोड़ना नहीं चाहती थी क्योंकि मैं अपने माता-पिता के बहुत करीब थी, लेकिन जब मैं अपने पति से मिली और उनकी ईमानदारी को देखा, तब मैंने सिर्फ डेढ़ दिन में हां कर दी। मैंने यह नहीं सोचा कि मैं क्या कर रही हूं।

## अनुभवी स्पिनर अनिल कुंबले ने किस गेंदबाज की वकालत की

नई दिल्ली। अनुभवी स्पिनर अनिल कुंबले ने बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव को टेस्ट टीम में शामिल करने की बात कही है, जो अपने साथ एक एक्स-फैक्टर लेकर आते हैं जो भारत को 20 विकेट लेने के एक कदम और करीब लाता है। कुलदीप इस साल की शुरुआत में भारत के इंग्लैंड दौरे के दौरान पूरी तरह से बाहर रहे। यह उनकी फॉर्म या उनके कौशल की कमी की बात नहीं थी, टीम संयोजन और बल्लेबाजी में गहराई की चाह ने उनके लिए कोई जगह नहीं छोड़ी।

कुंबले ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आपको 20 विकेट लेने हैं, तब कुलदीप को टेस्ट मैच क्रिकेट का हिस्सा होना चाहिए। हां, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल हैं। लेकिन मुझे लगता है कि कुलदीप का एक्स-फैक्टर यह है कि उन्हें चुनना आसान नहीं है और हमने यह देखा है।

## क्या? दिमाग-विमाग ठीक है तेरा की नहीं?...मैच खेलने से पहले कुलदीप ने रिंकू की बात पर खोया आपा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव इस समय एशिया कप में धमाल मचा रहे हैं। अब तक खेले गए तीन मैचों में 30 साल स्पिनर ने आठ विकेट लिए हैं। उन्होंने यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शानदार गेंदबाजी से लगातार दो बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में ओमान के खिलाफ भी एक विकेट लिया। मुकाबले से पहले कुलदीप ने रिंकू सिंह पर अपना आपा खो दिया।

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रिंकू सिंह को कुलदीप यादव ने सरेआम मजाक में थप्पड़ जड़ दिए थे। अब दोनों का एक और वीडियो सामने आया है। इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक वीडियो में रिंकू और कुलदीप यादव आपस में मस्ती करते नजर आए। रिंकू ने कुलदीप से पूछा कि 10 वाला बिस्किट पैकेट कितने का है जी?卐 तो कुलदीप ने जवाब दिया, 卐क्या? दिमाग विमाग ठीक है तेरा की नहीं?卐 इस पर रिंकू ने पहले कहा, 卐पूछना तो पड़ेगा,卐 और फिर जोड़ा, 卐गरम हो रहे हो आप।卐



कुलदीप के पास एशिया कप में टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। फिलहाल, कुलदीप के नाम 14 मैचों में 27 विकेट हैं। उन्हें रविंद्र जडेजा के 29 विकेट के आंकड़े को पार करने के लिए तीन और विकेट चाहिए। एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने का कुल रिकॉर्ड पूर्व श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा के नाम दर्ज है। मलिंगा ने एशिया कप में 15 मैच खेले और 33 बल्लेबाजों को आउट किया। ओमान के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद भारत रविवार को अपने पहले सुपर 4 मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की वजह से भारत और पाकिस्तान एशिया कप मैच का बहिष्कार करने की बात उठ रही थी। टीम इंडिया ने यह मुकाबला खेला और जीता। मैच से पहले कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के कप्तान से टॉस पर हाथ नहीं मिलाया। मैच खत्म होने के बाद भी किसी भारतीय खिलाड़ी ने हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसको लेकर सवाल उठाए। मैच रेफरी को आईसीसी से हटाने की मांग की और साथ में धमकी दे डाली कि ऐसा नहीं हुआ तो वह एशिया कप से हट जाएगा। आईसीसी ने उनकी मांग ठुकाई और पाकिस्तान को मैच खेलने पर मजबूर होना पड़ा।

## एशिया कप में श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ 168 रन बनाये, दसुन शनाका का अर्धशतक

दुबई। एशिया कप 2025 के पहले सुपर-4 मैच में श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 168 रन बनाये। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

श्रीलंकाई टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए। दसुन शानका ने 36 बॉल पर नाबाद 58 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 34, पथुम निसांका ने 22 और चरिथ असलंका ने 21 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने 3 विकेट झटके। मेहदी हसन को 2 और तस्कीन अहमद को एक विकेट मिला।

## ग्रुप स्टेज का शानदार समापन, बल्लेबाजों में पथुम निसांका और गेंदबाजों में जुनैद सिद्दीकी शीर्ष पर

नई दिल्ली। भारत ने ओमान को हराकर एशिया कप 2025 के ग्रुप स्टेज का शानदार समापन किया। जीत के साथ ही सुपर-4 में जगह बनाने वाली चार टीमें तय हो गई हैं। भारत के साथ पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अगले चरण में आ चुकी हैं। ग्रुप स्टेज में कुल 12 मुकाबले हुए, जिसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने जमकर प्रदर्शन किया। अब जब पहला चरण खत्म हो चुका है, तब सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची सामने आई है, जिसमें भारत के भी एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।

सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में श्रीलंका के पथुम निसांका सबसे आगे रहे। उन्होंने तीन मैचों में 124 रन बनाकर अपने दमदार फॉर्म का परिचय दिया। बांग्लादेश और हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ उनके अर्धशतक यादगार रहे। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 108 रन के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नबी ने तेज स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर अपनी टीम को मजबूती दी। यूएई के मोहम्मद वसीम ने 102 रन बनाए और वे तीसरे नंबर पर रहे। भारत के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भी अपने दमदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने 99 रन बनाए और मात्र एक रन से शतक का आंकड़ा पार करने से चूक गए, हालांकि उनकी स्ट्राइक रेट 225 की रही जो इस लिस्ट में सबसे बेहतरीन है। पांचवें स्थान पर बांग्लादेश के लिटन दास 96 रन बनाकर शामिल हुए।

वहीं गेंदबाजों में सबसे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा यूएई के जुनैद सिद्दीकी ने किया। उन्होंने तीन मैचों में 9 विकेट लिए और दो बार 4 विकेट हॉल भी दर्ज किए।




उनका औसत 6.33 रहा जो उनके प्रभाव को दर्शाता है। भारत के कुलदीप यादव सूची में दूसरे नंबर पर रहे। कुलदीप ने तीन मैचों में 8 विकेट झटके। यूएई के खिलाफ उन्होंने 4 विकेट लेकर मैच जिताया और पाकिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने तीन विकेट चटकाए। पाकिस्तान के सईम अय्यूब ने 6 विकेट लेकर तीसरा स्थान पाया। श्रीलंका के नुवान तुषारा 5 विकेट और एक 4 विकेट हॉल के साथ चौथे नंबर पर रहे। ओमान के शाह फैसल ने भी भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए और पांचवें स्थान पर जगह बनाई।

| प्लेयर | मैच | रन | औसत | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसांका | 3 | 124 | 41.33 | 149.4 |
| मोहम्मद नबी | 3 | 108 | 36 | 171.43 |
| मुहम्मद वसीम | 3 | 102 | 34 | 112.09 |
| अभिषेक शर्मा | 3 | 99 | 33 | 225 |
| लिटन दास | 3 | 96 | 32 | 126.32 |

| प्लेयर | मैच | विकेट | औसत | विकेट हॉल |
|---|---|---|---|---|
| जुनैद सिद्दीकी | 3 | 9 | 6.33 | 2 |
| कुलदीप यादव | 3 | 8 | 6 | 1 |
| सईम अय्यूब | 3 | 6 | 10.17 | 0 |
| नुवान तुषारा | 3 | 5 | 14.2 | 1 |
| शाह फैसल | 3 | 5 | 20.4 | 0 |

## श्रीलंका के मेंडिस ने रोहित को छोड़ा पीछे, विराट का तोड़ सकते हैं रिकॉर्ड

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 74 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत श्रीलंका ने 6 विकेट से जीत दर्ज की और लीग स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। मेंडिस ने इस पारी के साथ एक खास रिकॉर्ड भी बनाया है। वह एशिया कप टी20 फॉर्मेट में तीन बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पीछे कर दिया है, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में केवल दो बार ही 50+ स्कोर किया है। एशिया कप टी20 में सबसे ज्यादा बार 50 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल विराट कोहली के नाम दर्ज है, जिन्होंने चार बार यह उपलब्धि हासिल की है। मेंडिस अब इस रिकॉर्ड के बेहद करीब हैं और टूर्नामेंट में आगे खेलते हुए कोहली को पीछे धकेलने का दम रखते हैं। इस बीच श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका भी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में दो अर्धशतक लगाकर कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की है। वहीं पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान तीन बार 50+ स्कोर के साथ इस सूची में शामिल हैं। मेंडिस की इस दमदार फॉर्म ने श्रीलंका को न सिर्फ जीत दिलाई है बल्कि उन्हें टूर्नामेंट का खिताब जीतने का प्रबल दावेदार भी बना दिया है।

## क्रिकेट अभी भी जिंदा है, वेड ने 65 गेंदों में शतक लगाकर किया साबित

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने फिर साबित कर दिया है कि उनके अंदर अभी भी क्रिकेट जिंदा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद वह घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को खेले गए ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप मुकाबले में वेड ने तस्मानिया की ओर से विक्टोरिया के खिलाफ केवल 65 गेंदों में शतक लगाया। यह उनके करियर का 10वां लिस्ट ए शतक था।

मैच की शुरुआत में मिचेल ओवेन ने 20 गेंदों में धमाकेदार अर्धशतक लगाकर तस्मानिया की जोरदार शुरुआत की। हालांकि टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 135 रन पर संघर्ष करती दिखी। इसी समय छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वेड ने मोर्चा संभाला और ब्यू वेबस्टर के साथ 101 रनों की साझेदारी की। वेबस्टर ने 95 गेंदों पर 81 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होने के बाद जिम्मेदारी पूरी तरह वेड के कंधों पर आ गई। 37 साल के वेड ने अपने अनुभव और आक्रामक अंदाज में खेले। उन्होंने 68 गेंदों की पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाकर 105 रन बनाए। उनकी इस पारी ने न सिर्फ टीम को संकट से उबारा बल्कि बड़े स्कोर की नींव भी रखी। निखिल चौधरी ने भी सातवें नंबर पर 49 गेंदों में 67 रन जोड़कर तस्मानिया को 381 तक पहुंचाया।

वेड का यह शतक अक्टूबर 2023 के बाद पहला था। उनकी बल्लेबाजी ने एक बार फिर उस यादगार सेमीफाइनल की याद दिलाई, जब उन्होंने 2021 टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 17 गेंदों पर 41 नाबाद रन बनाकर लगातार तीन छक्कों से ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर होने के बावजूद वेड ने दिखा दिया कि वह अब भी बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं।

# नशे के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा,नवेगांव थाने में की शिकायत

## पंचायत व सर्व समाज के सहयोग से नशा मुक्त गांव का लिया संकल्प

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत बालाघाट के अंतर्गत आने वाले ग्राम पेंडरई में सरपंच, पंचों सहित अन्य ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।जहा उन्होंने गांव को नशा मुक्त गांव बनाने के लिए बैठक की और फिर आधा सैकड़ा ग्रामीण, ग्रामीण थाना नवेगांव पहुंचे, जहां पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए नशे के खिलाफ सहयोग देने की मांग की।ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में नशे, जुआ का कारोबार चरम पर है।युवा पीढ़ी नशे की आगोश में फंसती जा रही है. कुछ युवाओं की तो शराब के वजह से मौत हो गई हैं, इसलिए ग्राम पंचायत पेंडरई और कन्हडगांव में नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया है।




### युवाओं से लेकर बड़े व बुजुर्ग भी रहते है नशे में चूर

महिलाओं ने बताया कि पेंडरई पंचायत में गांव कन्हडगांव भी आता हैं, गांव में छोटे-छोटे सहित युवा, बुजुर्ग शराब के नशे में चूर दिखाई पड़ते है, कुछ नव जवान युवाओं की तो शराब के सेवन से मौत हो गई है।नशा करने वाला न सिर्फ स्वयं का जीवन तबाह करता है, बल्कि उनका परिवार भी बिखर जाता है। साथ ही समाज में कोई प्रतिष्ठा नहीं होती है।गांव में प्रतिदिन कोई ना कोई शराबी विवाद करता है जिससे गांव और समाज की बदनामी होती हैं हम गांव को नशा से दुर रखने के लिए सरपंच श्रीमती ललिता नगपुरे, पंचो और सर्वसमाज के द्वारा गांव में बैठक ली गई सार्वजनिक रूप से बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव को नशा मुक्त बनाना है और आज नवेगांव थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया हैं, जिसमें हमने मांग किया हैं कि गांव को नशा मुक्त समाज बनाना हैं इसलिए कोई भी गांव में शराब बनाएगा, शराब बेचेंगा और शराब पिकर उपद्रव करेगा तो उक्त व्यक्ति पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाए।

### पंचायत ने भी बढ़ाया कदम

ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ललिता नगपुरे, पंच दमयंती लिल्हारे, पंच गणेश नगपुरे, पंच भोजलाल कोल्ते, पंच बाबुराव कावरे, पंच अमर लिल्हारे, पंच टेकन दशरे, पंच लक्ष्मी लिल्हारे, पंच रामेश्वर पाचे, नोपलाल खैरवार, धुरन मस्करे, महेश मोहारे सहित लोगों ने आगे कदम बढ़ाते हुए नशा, जुआ के खिलाफ खड़े हो गए है. पंचो ने कहा तीन वर्ष पहले भी नशा मुक्त समाज बनाने की घोषणा की गयी थी, लेकिन नशेडियों के कारण वह अमल मे नही लाया गया था लेकिन अब हमारे साथ सर्व समाज जुड़ गया हैं।

### हमे पुलिस प्रशासन पर पूरा भरोसा है

नवेगांव थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपते हुए लोगों ने कहा कि समाज में जिस तरह से युवा अपना और अपने परिवार को बरबार्द कर रहा है उससे घर की महिलाए बहुत अधिक प्रताड़ित और शर्मीदगी महसुस कर रही है। समाज को नशा मुक्त बनाने में हमारा साथ पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन देंगा हम ऐसे उम्मीद रखते हैं, जिससे आना वाला भविष्य एक अच्छी दिशा की ओर बढ़ सके।

### शराबी और जुवारी पाए गए तो भेजेगें जेल

पेंडराई गांव के लोगों ने बताया कि हमने कोई भी जुर्माना और ना ही समिति बनाई हैं बल्कि ग्राम पंचायत सरपंच के आदेशानुसार यह निर्णय लिया गया हैं की अगर कोई भी व्यक्ति शराब बनाते, बेचते, पीने के बाद उपद्रव करते और जुआ खेलते पाया गया तो गांव के लोग उन्हे पुलिस के हवाले कर देंगे।

### नशे के खिलाफ ग्रामीण एकजुट हुए है- दयावंती

पंच श्रीमती दयावंती लिल्हारे, ने बताया कि गांव में शराब, जुआ और केरम बंद करने के लिए ग्रामीण एकजुट हुए है।पेंडरई गांव के तीन से चार युवा शराब से मर गए, लेकिन किसी ने आवाज नहीं उठाई।आज सरपंच ने आवाज उठाई हैं और गांव की सभी महिलाए उनके साथ है।अब गांव में शराबबंदी के लिए हम सब एक है और आगे बढकर गांव को नशा मुक्त बनायेगें.

### नियम का उल्लंघन करने वालो पर हो कार्यवाही-गणेश

ग्रामीण गणेश नगपुरे, ने बताया कि सर्व समाज की महिलाओ व पुरूषों ने निर्णय लिया कि गांव में शराब बंद हो, गांव में कोई भी शराब बनाते,बेचते और सेवन कर उपद्रव करते पाया जाता हैं तो उन पर कानुनी कार्यवाही कराई जायेगी।

### पुलिस ने सहयोग का आश्वासन दिया है- सरपंच नगपुरे

सरपंच श्रीमती ललिता नगपुरे, ने बताया कि सर्व समाज और ग्राम पंचायत के सहयोग से बैठक लेकर नशा मुक्त गांव बनाने का निर्णय लिया हैं गांव में बच्चों, युवा, बुजुर्ग नशे में रहते हैं इसलिए आज पुलिस थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा हैं। जिसमें पुलिस ने कहा कि हम आपके साथ हैं हमसे जो भी सहयोग रहेंगा तो आप हमें जानकारी दे।अगर कोई भी शराब पीता, बेचता पाया गया तो वह स्वयं जवाबदार रहेगा और हम उसे पुलिस के हवाले करेगें।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत को सीबीआई का फिर बुलाया

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को सीबीआई ने फिर से नोटिस दिया है। इसकी जानकारी स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इंटरनेट मीडिया पर साझा की है। उन्होंने कहा कि नोटिस को ग्रहण कर लिया है। वह यह अनुरोध कर रहे हैं सितंबर में वह यात्रा करने की स्थिति में नहीं है, इसलिए उन्हें अक्टूबर के दूसरे अथवा तीसरी सप्ताह में बुलाया जाए।

दरअसल रावत के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए उनके स्टिंग के बाद उन पर सीबीआई जांच चल रही है। अब उन्हें सीबीआई ने फिर नोटिस भेजा है। रावत ने कहा कि सीबीआई को उनकी फिर याद आई है। इससे ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनाव आने वाले हैं।

## कांग्रेस के बाद आप ने खोला चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा...नई दिल्ली सीट से बड़े पैमाने पर वोट काटे गए

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाया है। आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता कर दावा किया कि पूर्व सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली सीट से बड़े पैमाने पर वोट काटे गए।



भारद्वाज ने बताया कि 2020 में नई दिल्ली क्षेत्र में 1.48 लाख मतदाता थे, जो 2025 में घटकर 1.06 लाख बचे। करीब 42,000 नाम वोटर सूची से गायब हो गए। 5 जनवरी 2025 को तत्कालीन सीएम आतिशी ने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। आप नेता के मुताबिक, आतिशी ने कहा था कि 29 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2024 के बीच वोट डिलीशन के 6,166 आवेदन आए। इसके बावजूद आयोग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हालांकि, चुनाव आयोग ने आप के आरोपों को खारिज किया है। बता दें कि नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा से हुआ था, जिन्होंने पूर्व सीएम को करीब 36,000 वोटों से हराया।

चुनाव आयोग ने सौरभ भारद्वाज के आरोपों पर सफाई देकर लिखा, ईसी ने 13 जनवरी, 2025 को सीईओ/डीईओ की रिपोर्ट सहित 76 पेजों का एक डिटेल्ड जवाब दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी को भेजा था।

आयोग के 13 जनवरी, 2025 के पत्र के अनुसार, आतिशी ने 5 जनवरी को मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के आवेदनों में बढ़ोतरी का आरोप लगाया था। आयोग ने दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट मांगी थी, जिन्होंने बताया कि वे तथ्यों का पता लगा रहे हैं।

## चिचगांव में एचआईवी और महिला स्वास्थ्य शिविर संपन्न

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत चिचगांव में शनिवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य परीक्षण और एचआईवी एड्स, रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. सरपंच अरविंद खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत में स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन पर राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन हुआ. कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार शेण्डे की अध्यक्षता में शिविर की शुरुआत हुई. शिविर में स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती रूकमणी पटले, आईसीटीसी परामर्शदाता चन्द्रदीप साहू, तकनीशियन श्रीमती यशोमति ठाकुर, जनभागीदारी सदस्य रूपेश बाहेश्वर और कार्यक्रम प्रभारी नवीन कुमार नाकतोडे भी उपस्थित रहे. शिविर की शुरुआत में प्राचार्य ने एचआईवी एड्स के संक्रमण और बचाव की जानकारी दी और रक्तदान के लिए सभी को प्रेरित किया. उन्होंने कहा रक्तदान जीवनदान होता है। खासतौर पर महिलाओं के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और किशोरी बालिकाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई. शिविर में सिकलिन, स्क्रीन जांच, एचबी, एचआईवी, वीडीआरसी, शुगर, बीपी, मलेरिया की जांच की गई. गर्भवती महिलाओं की जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गई. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिलाओं को आवश्यक सलाह और परामर्श दिया. चन्द्रदीप साहू ने शासन के द्वारा चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान की जानकारी साझा की. कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी अधीर घोडेश्वर ने महिला स्वास्थ और पोषण विषय पर महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए कैसे अपनी दैनिक पोषण दिनचर्या को नियमित करें इसकी विस्तार से जानकारी दी. सरपंच अरविंद खरे ने ग्रामीणों को पंचायत स्तर से संचालित होने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. शिविर की समाप्ति के बाद गांव में जागरूकता रैली निकाली गई. आयोजन को सफल बनाने में एएनएम श्रीमती लक्ष्मी झोडे, श्रीमती उषा पारधी, एमपीडब्ल्यू राकेश नगपुरे, आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती कुसुम सिलारे, आशा कार्यकर्ता श्रीमती लता पटले, श्रीमती निर्मला पगाडे, पंचायत सचिव मोहनलाल हरदे, सह सचिव विजय मात्रे, जन अभियान परिषद परामर्शदाता अरविंद दरवडे, दीपेन्द्र हिरकने, सतीश गडपाल, रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।




## कोरोना के बाद मध्यप्रदेश में खेल-कूद की उम्र के बच्चों और युवाओं को आ रहा हार्ट अटैक

भोपाल। मध्य प्रदेश में कोविड के बाद दिल की बीमारियों से युवाओं की मौत का बढ़ता आंकड़ा चिंता पैदा कर रहा है। 1 से 24 साल के बच्चों और युवाओं में दिल की बीमारी के कारण मौतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं, जो कि डर रही है।

केंद्रीय महापंजीयक कार्यलय की एमसीसीडी की 2022 तक की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। राज्य में खेल-कूद की उम्र के बच्चों और युवाओं में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। जून 2025 में जारी भारत के महापंजीयक की रिपोर्ट-2022 के अनुसार, कोरोना के बाद दिल की बीमारियों से मौतों में अचानक वृद्धि देखी गई है। यह आंकड़ा राज्य में चिंता का विषय बन चुका है, क्योंकि पहले के मुकाबले इन मौतों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है। कोविड-19 के पहले वर्ष 2018 में 1 से 4 आयु वर्ग में दिल से संबंधित मौतें केवल 0.6 प्रतिशत थीं, जो 2022 में 14.1 प्रतिशत हो गईं। इस अवधि में 2250 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखी गई है। वहीं, 5 से 14 आयु वर्ग में यह आंकड़ा और भी डरना होकर 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 18.6 प्रतिशत हो गया, यानी करीब 403 प्रतिशत की वृद्धि। 15 से 24 आयु वर्ग में भी 39.64 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह डरावने आंकड़े दिखाते हैं कि दिल से जुड़ी बीमारियों से होने वाली मौतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है, जो विशेष रूप से युवाओं और बच्चों के लिए खतरे की घंटी है।

**हृदय रोगों से होने वाली मौतों का प्रतिशत (राज्य और वर्ष के अनुसार)**

| राज्य | 2008 | 2013 | 2022 |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 19.2 प्रतिशत | 24.6 प्रतिशत | 33.9 प्रतिशत |
| छत्तीसगढ़ | 20.7 प्रतिशत | 50.7 प्रतिशत | 27.2 प्रतिशत |
| बिहार | 34.8 प्रतिशत | 29.7 प्रतिशत | 44.9 प्रतिशत |
| गुजरात | 21.2 प्रतिशत | 45.2 प्रतिशत | |
| हरियाणा | 28.3 प्रतिशत | 26.3 प्रतिशत | |
| राजस्थान | 20.6 प्रतिशत | 18.5 प्रतिशत | 24.4 प्रतिशत |
| पंजाब | 23.9 प्रतिशत | 24.7 प्रतिशत | 40.8 प्रतिशत |
| कुल औसत | 27 प्रतिशत | 29 प्रतिशत | 47.1 प्रतिशत |

प्रदेश ग्वालियर और चंबल संभाग में इसदौरान हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं। मेडिकल विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना से पहले 35 वर्ष से अधिक उम्र के लोग हार्ट अटैक का शिकार होते थे, लेकिन कोरोना के बाद अब 18 साल के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। रिपोर्ट से साफ हैं कि प्रदेश में कोविड के बाद दिल की बीमारी से मौतें बढ़ीं हैं। बच्चे को हार्ट अटैक आना बढ़ा है। साथ ही, युवाओं में हार्ट अटैक के केस बढ़े हैं। डॉक्टर के मुताबिक युवाओं में बढ़ती दिल की समस्याओं के कारण नियमित व्यायाम, धूम्रपान से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जा रही है।

## आपदा प्रभावित नंदानगर क्षेत्र पहुंचे सीएम धामी...पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया

देहरादून,। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमौली जिले के आपदा प्रभावित नंदानगर क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को नंदानगर में घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका दर्द साझा किया। उन्होंने आपदा प्रभावितों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ कंधे से कंधा मिलकर खड़ी है।



बात दें कि चमौली में बादल फटने से सात लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हुए। राज्य आपदा एवं पुनर्वास सचिव के अनुसार, आपदा में 45 इमारतें और 15 गौशालाएँ क्षतिग्रस्त हुईं, जबकि चार जानवरों की मौत हो गई और 28 लापता हैं। दो लोग अभी भी लापता हैं जिनकी तलाश जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, स्थानीय पुलिस और चिकित्सा दल बचाव और तलाशी अभियान में लगे हुए हैं। प्रभावित लोगों को आश्रय और ज़रूरी सामान उपलब्ध कराया जा रहा है, और कुछ सामान हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुँचाया गया है। नंदानगर में बचाव अभियान शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा, जिसमें टीमें मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

## वायुसेना सभी राफेल विमान दिखाकर पाकिस्तान के झूठे दावों को नष्ट कर दे- पवन खेड़ा

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल को मार गिराने के पाकिस्तान के दावों को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने झूठा बताया है। लेकिन साथ ही कहा है कि उन्हें विश्वास है कि वायुसेना निश्चित रूप से इस दावे का खंडन कर सभी राफेल दिखाएगी। कांग्रेस नेता खेड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ने कुछ टेल नंबर दिए हैं, जो संभवत: कल या परसों ही जारी किए गए है। उन्होंने दावा किया है कि पाकिस्तान हमेशा झूठे दावे करता है और भारतीय वायुसेना हर बार पाकिस्तान के झूठ दावों को बेनकाब करती है।

उन्होंने कहा कि हमारी वायुसेना पाकिस्तान का मुंह बंद कराना जानती है। कांग्रेस नेता खेड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ऐसी हरकतें कर हमारी सेना का मनोबल तोड़ने की कोशिश में जुटा रहता है। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि पाकिस्तान को तुरंत इन झूठे दावों का जवाब दिया जाए। भारत सरकार को सबूत के साथ पाकिस्तान के दावों को नष्ट करना चाहिए।

अमेरिका की ओर से एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि अब हमारे उन बच्चों को, जो वहां काम कर रहे हैं, हर साल एक लाख डॉलर देना होगा। यह हमारी भारत सरकार की विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। राहुल गांधी ने पहले ही केंद्र सरकार को इस बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन मोदी सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते पर कांग्रेस नेता ने कहा कि इस सवाल का जवाब केंद्र सरकार से पूछना चाहिए कि जहां गले लगते हैं, वहां देश को क्या मिला? उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है और पाकिस्तान के साथ भारत के मौजूदा हालात कैसे हैं, यह जानने के बावजूद सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ सुरक्षा समझौता कर रहा है।

## क्या सूर्यग्रहण के साये में होगी घटस्थापना...जाने हिंदु शास्त्र क्या कहता

नई दिल्ली। हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व रहता है। इस पावन मौके पर माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिपूर्वक पूजा होती है। श्रद्धालु 9 दिन तक व्रत रखते हुए मां दुर्गा की भक्ति में लीन रहते हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

इस साल शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरु हो रहे हैं। खास बात यह है कि इसके ठीक एक दिन पहले साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगने वाला है।

साल 2025 का अंतिम सूर्य ग्रहण 21 सितंबर की रात 11 बजे से शुरू होकर 22 सितंबर की सुबह 3 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। ज्योतिषी के अनुसार, यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसकारण इसका नवरात्र पर्व और घटस्थापना पर कोई प्रभाव नहीं होगा है। शास्त्रों के अनुसार, केवल वहीं ग्रहण धार्मिक कार्यों को प्रभावित करते हैं जो भारत में प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं।

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 22 सितंबर की रात 1 बजकर 23 मिनट पर होगा और इसका समापन 23 सितंबर की रात 2 बजकर 55 मिनट पर होगा। इसके बाद 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी और कलश स्थापना के साथ उत्सव का शुभारंभ होगा।

### घटस्थापना का महत्व और शुभ मुहूर्त

नवरात्र की शुरुआत घटस्थापना से होती है। यह अनुष्ठान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इस शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में प्रतिपदा तिथि के दौरान ही घटस्थापना करने का निर्देश दिया गया है। 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि की शुरूआत रात 01 बजकर 23 मिनट से होगी और इसका समापन 02 बजकर 55 मिनट पर होगा।

## मिग-21 फाइटर जेट 26 सितंबर को होगा रिटायर

**62 साल पहले एयरफोर्स में शामिल हुआ था, 3 जंग में शामिल रहा; अब तक 400 क्रैश**

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहे जाने वाले मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एलएसी मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट का विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी।

मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग-21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1विनोद उपाध्याय / 20 सितम्बर, 2025 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस रूद्म1 फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है।

### भारत ने 900 मिग-21 जेट खरीदे, अब केवल 36 बचे

भारत ने 900 मिग-21 फाइटर जेट खरीदे थे। इनमें से 660 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने देश में ही बनाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय भारतीय वायुसेना के बेड़े में सिर्फ 36 मिग-21 फाइटर जेट ही बचे हैं। इसने कई दशकों तक बेहतरीन सेवा दी।

## पूम्पुहार में समुद्र तल की खुदाई शुरू, दुनिया के सामने आएगा तमिलों का इतिहास

चेन्नई। कीझाडी के बाद अब तमिलनाडु सरकार के पूम्पुहार में समुद्र तल की खुदाई शुरू की है। यह खुदाई प्राचीन तमिल सभ्यता की गौरवशाली विरासत को दुनिया के सामने लाने के लिए की जा रही है। यह अभियान 19 सितंबर को तमिलनाडु पुरातत्व विभाग और इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी के सहयोग से शुरू हुआ। यह गहन समुद्री खुदाई प्रारंभिक चोल राजधानी पूम्पुहार और मध्यकालीन व्यापार केंद्र नागपट्टिनम के बीच हो रही है, जो दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ समुद्री व्यापार के लिए मशहूर था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बताया कि यह गहरे समुद्र की खोज प्राचीन चोल सभ्यता के उन रहस्यों को उजागर करेगी, जो कभी यहां फली-फूली थीं। पूम्पुहार को पहले कावेरीपूम्पट्टिनम के नाम से जाना जाता था। यह वर्तमान में मयिलाडुतुरै जिले में स्थित है। इसके पहले 1991 में पूम्पुहार में समुद्र के नीचे सर्वेक्षण हुआ था। सीएम स्टालिन ने पोस्ट में कहा कि पूम्पुहार कीझाडी जितना ही प्राचीन हो सकता है। उन्होंने कहा, यह गहन समुद्री खुदाई दुनिया को उस गौरवशाली इतिहास को बताएगी, जो समुद्र में डूब गया था। कीझाडी वैगई नदी के किनारे शिवगंगा जिले में मौजूद है। वहां की खुदाई में संगम काल (करीब 2,500 वर्ष पुराना) की एक शहरी सभ्यता के प्रमाण मिले हैं, जो एक समृद्ध औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र था।

# शहर में नही थम रही चोरी की घटनाएँ, प्रभुतम नगर मे हुई लाखों की चोरी

## पुलिस अलग-अलग एंगल से कर रही चोरी की घटना पर जांच, जल्द चोरी के खुलासे करने की कही जा रही बात

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। शहर के वार्ड क्रमांक 32 प्रभुतम नगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया तो एक अन्य मकान में चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया हैं । चोरी की इस वारदात में अज्ञात चोरों का चोरी करता हुआ वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है , तो वही इन दोनों मकान से लगभग पुलिस सूत्रों के अनुसार लाखों रुपए की चोरी की घटना हुई है । जिसमें पुलिस चोरी की इस घटना में सूक्ष्मता से जांच करते हुए चोरों के फिंगरप्रिंट तलाश रही है और सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरी की घटना को भी पुलिस चोरो की पहचान करने में लगी है। पुलिस का मानना है कि वह जल्द ही इस चोरी की घटना को खोल देंगी ।**



आपको बता दे की बीते कुछ दिनों से शहर में चोरी की लगातार घटनाएं बढ़ते ही जा रही है । ऐसा नहीं है कि पुलिस चोरी की की घटनाओं का खुलासा नहीं कर रही है । जहां पुलिस द्वारा कुछ चोरी की घटनाएं को ट्रेस की जाती है ,तो वहीं चोरों द्वारा पुनः शहर के अलग-अलग वार्डों में नई चोरी की घटना को अंजाम दे दिया जाता है । 19 सितंबर की दरमियानी रात्रि में चोरों ने शहर के वार्ड क्रमांक 32 प्रभुतम नगर के दो मकानों को अपना निशाना बनाया और एक अन्य मकान में चोरी करने का प्रयास किया। जबकि एक मकान से अज्ञात चोरों ने लगभग 12 लाख रुपए की चोरी की, तो वहीं दूसरे मकान से चोरों ने घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी की एवं अन्य तीसरे मकान में सिर्फ चोरों ने घर की बाउंड्री वॉल से घुसकर चोरी करने का प्रयास किया है । कोतवाली पुलिस को चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से जांच की जा रही है तो वही दो मकान में अज्ञात चोरों का चोरी करता हुआ वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है । कोतवाली पुलिस अज्ञात चोरों को वीडियो के अनुसार पहचान करने में जुटी हुई है।

### पहले मकान में 12 लाख की चोरी

प्रभुतम नगर वार्ड क्रमांक 32 में पहली चोरी पुलिस सूत्रों के अनुसार बिसेन परिवार में की गई है , जहां सुने मकान का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने घर में रखें लगभग 12 लाख रुपए के जेवरात और कुछ 50 से 60 हजार रुपए कैश लेकर फरार हो गए हैं, बताया जाता है कि परिवार के सदस्य पारिवारिक कार्य से बाहर गए हुए थे, जब 20 सितंबर को उनके करीबी ने घर पर आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना घर मालिक को दी और उन्होंने इस पूरी घटना की शिकायत पुलिस में की है , किंतु घर मालिक चोरी की इस घटना को लेकर मीडिया से अभी कोई बात नहीं करना चाहता और उन्होंने चोरी की घटना को लेकर मीडिया से दूरी बना ली है , किंतु पुलिस सूत्रों के अनुसार उनके घर पर लाखों रुपए जेवरात की चोरी हुई हैं।

### घर के सामने से ले गए मोटरसाइकिल

प्रभुतम नगर वार्ड नंबर 32 में ही अज्ञात चोरों द्वारा किराए के मकान से रहने वाले सुनील बिसेन की दो पहिया मोटरसाइकिल को चुराया गया है । सुनील बिसेन के साथी निलेश वर्मा ने बताया कि वह हर दिन की तरह किराए के मकान के सामने ही अपनी गाड़ी खड़ी कर रखते थे, किंतु गाड़ी में लॉक नहीं होने के कारण चोरों द्वारा पुरानी गाड़ी को लेजा लिया गया और नई गाड़ी में लाक होने के कारण, उसे नहीं चुराया गया। मोटरसाइकिल को चोरी करता हुआ पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका है। मोटरसाइकिल लगभग 50 से 60 हजार रुपए की कीमत की बताई जा रही है।

### तीसरे घर में चोरी का प्रयास

प्रभुतम नगर में ही अज्ञात चोरों द्वारा तीसरी मकान में चोरी करने का प्रयास किया गया है । तहसील कार्यालय में पदस्थ पटवारी विजय बिसेन द्वारा बताया गया कि उनके घर के सामने , उनके घर पर रखें बर्तन का पात्र गिरा हुआ था । जिसके बाद उन्हें जानकारी लगी कि उनके वार्ड में चोरी की घटना हुई है । तब उन्होंने अपने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो रात्रि ढाई बजे के समय उनके सीसीटीवी कैमरे में कुछ युवक की हलचल दिखाई दी और उनके घर की बाउंड्री पर कुछ युवक के पैर के निशान बने हुए थे, जिसे देखकर स्पष्ट हुआ कि अज्ञात चोर उनके घर में घुसने का प्रयास कर , घर के बाहर रखें एक बर्तन के पात्र को लेकर गया हैं । लेकिन उनके घर पर चोरी की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है , उनके यहां सिर्फ चोरी करने का प्रयास किया गया है, क्योंकि उनके घर पर सभी लोग उपस्थित थे।

### जल्द होगा चोरी का खुलासा

सूत्रों की माने तो वार्ड क्रमांक 32 प्रभुतम नगर में हुई एक चोरी राजनीति से जुड़े और सत्ता पक्ष के करीबियों के परिचित के घर की बताई जा रही है । जिस कारण इस चोरी को खोले जाने का वरिष्ठ स्तर से भी दबाव है । जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक के साथ, कोतवाली थाना प्रभारी सुबह से ही जांच करते हुए नजर आये , तो वही इस चोरी के संबंध में सूत्रों की माने तो मीडिया को भी दूर रखने की बात घर मालिक द्वारा बताई गई ,परिजनों का मानना हैं कि पुलिस द्वारा उन्हें मीडिया में कोई बयान नहीं दिए जाने की बात कही गई है । इसलिए उन्होंने मीडिया से दूरी बनाई है। हालांकि अभी तक पुलिस की ओर से कोई अधिकृत बयान चोरी के विषय में नहीं आया है । अब देखना होगा कि इस चोरी का खुलासा पुलिस कब तक करती है । हालांकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अनौपचारिक चर्चा में जल्द ही इस चोरी को खोले जाने की बात कर रहे हैं।

## एक छात्रा ने अपने ही कॉलेज के एक छात्र के विरुद्ध लगाई दुष्कर्म करने का आरोप

# छात्र यश पारधी गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर के एक निजी कॉलेज में इलेक्ट्रिकल की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने अपने ही कॉलेज के एक छात्र के विरुद्ध दुष्कर्म और अश्लील वीडियो फोटो वायरल करने का आरोप लगाई। इस छात्रा द्वारा महिला थाने में की गई रिपोर्ट पर छात्र यश पिता दिलीप पारधी ग्राम खुर्सीपार थाना खैरलांजी निवासी को इस छात्रा के साथ दुष्कर्म और अश्लील वीडियो फोटो वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह छात्रा लालबर्रा थाना क्षेत्र की रहने वाली है और वह बालाघाट नगर के एक निजी कॉलेज में इलेक्ट्रिकल की पढ़ाई कर रही है। यश पारधी भी उसी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। पिछले 1 साल से इस छात्रा से यश पारधी की दोस्ती हुई थी और दोनों फोन पर बात करते थे और साथ में घूमने फिरने भी जाते थे। इस दौरान दोनों ने फोटो भी निकले थे। 25 फरवरी को 12ः00 बजे जब यह छात्रा कॉलेज में थी। कॉलेज में ही यश पारधी ने इस छात्रा को मोबाइल से उसकी ए आई से न्यूड फोटो दिखाया और उसने इस छात्रा को अपने रूम में लाया और यश पारधी ने इस छात्रा के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर न्यूड फोटो वायरल करने की धमकी दे दिया था। जिसके बाद यश पारधी ने इस छात्रा को कॉलेज में लाकर छोड़ दिया। बदनामी के डर से छात्रा ने घटना के संबंध में किसी को नहीं बताई और उसके बाद छात्रा ने यश पारधी का मोबाइल ब्लॉक कर बातचीत बंद कर दी थी। 18 सितंबर को इस छात्रा को पता चला कि किसी लड़के ने उसके अश्लील वीडियो और फोटो वायरल कर दिया है। यह वही वीडियो फोटो थे। जिसे यश पारधी ने बनाए थे। इसके बाद यह छात्रा रिपोर्ट करने के लिए महिला थाना पहुंची। महिला थाना में इस छात्रा द्वारा की गई रिपोर्ट पर छात्र यश पारधी के विरुद्ध इस छात्रा के साथ दुष्कर्म और अश्लील वीडियो फोटो वायरल करने के आरोप में धारा 64(1) भारतीय न्याय संहिता और धारा 66ई,67ए आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में छात्र यश पारधी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आवश्यकता है
डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है
संपर्क करें-पद्मेश सिटी केबल काली पुतली चौक, बालाघाट

## 10 वर्षीय बालक इमली के पेड़ से गिरने से घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। परसवाड़ा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम धुर्वा में इमली के पेड़ से गिरने से एक बालक घायल हो गया। घायल बालक अरमान फीता राकेश मसराम 10 वर्ष को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरमान मसराम कक्षा चौथी का छात्र है। 20 सितंबर को सुबह अरमान मसराम कोचिंग गया था और कोचिंग से ही सुबह 8ः00 बजे वह अपने साथियों के साथ धुर्वा बस्ती में स्थित इमली के पेड़ में इमली तोड़ने के लिए गया था। अरमान मसराम इमली तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था, किंतु वह इमली के पेड़ से फिसल कर नीचे गिर कर घायल हो गया। जो घायल हालत में पेड़ नीचे पड़ा हुआ ।अरमान मसराम को इमली के पेड़ से नीचे गिरते देख उसके साथी उसके घर गए और परिवार वालों को बताएं। परिवार के लोग पहुंचे और अरमान मसराम को इमली के पेड़ के नीचे से उठाकर घर ले और उसे परसवाड़ा के अस्पताल में भर्ती किए थे ।जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

## एक व्यक्ति ने शराब के नशे में पिया कीटनाशक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खोंगाटोला मैं इसी ग्राम के व्यक्ति शिव शंकर पिता राम प्रसाद नगपुरे 40 वर्ष ने शराब के नशे में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसे बेहोशी के हालत में जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव शंकर खेती मजदूरी करता है और वह शराब पीने का आदी है। 19 सितंबर की शाम को शिव शंकर शराब पीकर घर आया और परिवार वालों को गाली गलौच कर रहा था। जिसे उसके बेटे प्रवीण ने बोला कि पिताजी शराब क्यों पीते हो और उसने पिता शिव शंकर को शराब नहीं पीने की सलाह दी थी। तभी शिवशंकर अपने घर के अंदर गया और घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया । शिव शंकर को कीटनाशक दवाई पीते हुए उसके बेटे प्रवीण ने देखा और उसने पड़ोस में रह रहे बड़े पिता को बताया। प्रवीण ने बड़े पिता की ही कार से अपने पिता शिव शंकर को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।





पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464



जिले के लोकप्रिय, निर्भीक और निष्पक्ष दैनिक अखबार बालाघाट एक्सप्रेस के 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई ...
शुभेच्छु :-सांई मेडिकल स्टोर्स बकोड़ा लालबर्रा



सार्थक, विश्वसनीय और गौरवपूर्ण पत्रकारिता के 16 वर्ष पूर्ण होने पर बालाघाट एक्सप्रेस परिवार को कोटिशः बधाई ....
शुभेच्छु :-अरविंद पंचेश्वर सरपंच ग्राम पंचायत बेलगांव लालबर्रा



सार्थक, विश्वसनीय और गौरवपूर्ण पत्रकारिता के 16 वर्ष पूर्ण होने पर बालाघाट एक्सप्रेस परिवार को कोटिशः बधाई
शुभेच्छुः- अतिथि शिक्षक संघ लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र.



सार्थक, विश्वसनीय और गौरवपूर्ण पत्रकारिता के 16 वर्ष पूर्ण होने पर बालाघाट एक्सप्रेस परिवार को कोटिशः बधाई
शुभेच्छु :- राष्ट्रीय कॉन्ट्रेक्टर लेबर यूनियन लालबर्रा बालाघाट



जिले के निष्पक्ष, विश्वसनीय, लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र बालाघाट एक्सप्रेस के सफलतम 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छुः- नारायण सोलंकी जिला संगठन सचिव संयुक्त विभाग पेंशनर संघ बालाघाट



जिले के निष्पक्ष, विश्वसनीय, लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र बालाघाट एक्सप्रेस के सफलतम 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभेच्छु - भाऊराम गाडेश्वर ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी लालबर्रा



जिले के लोकप्रिय, निर्भीक और निष्पक्ष दैनिक अखबार बालाघाट एक्सप्रेस के 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई ...
शुभेच्छु :- मनीष कुशवाह पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी लालबर्रा



पद्मेश मीडिया ग्रुप बालाघाट एक्सप्रेस के सफलतम 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं .....
शुभेच्छु :-कुरैशी ट्रेडर्स लालबर्रा



जिले के निष्पक्ष, विश्वसनीय, लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र बालाघाट एक्सप्रेस के सफलतम 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छुः- धनेंद्र भलावी जनपद सदस्य जनपद पंचायत लालबर्रा



पद्मेश मीडिया ग्रुप बालाघाट एक्सप्रेस के सफलतापूर्वक 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु :- दीपक कावरे जनपद सदस्य जनपद पंचायत लालबर्रा



बालाघाट एक्सप्रेस के सफलतापूर्वक 16 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु-देवीलता ग्वालवंशी, जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत लालबर्रा


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायलयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट